

RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक A.R समाचार-पत्र

# अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 207 | कुशीनगर | शनिवार 29 मई, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रुपये



# ज़हरीली शराब से 11 की मौत

## कई गंभीर, आरोपियों पर लगेगा रासुका

अलीगढ़,(एजेंसी)। यूपी के अलीगढ़ जिले के लोधा थाना इलाके में जहरीली शराब से 11 लोगों की मौत हो गई है। 12 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस ने शराब कारोबारी और ठेके सेल्समैन को हिरासत में लिया है। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में एक बार फिर से जहरीली शराब ने कहर बरपाया है। दो ट्रक ड्राइवर समेत 11 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 12 लोग अभी अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें से कई की आंखों की रोशनी जाने की बात सामने आ रही है। वहीं, सीएम ने मामले का संज्ञान लिया है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अलीगढ़ के जवां थाना इलाके के गांव छेरत में भी तीन लोगों की मौत की सूचना है। परिजनों ने शराब पीने से मौत का आरोप लगाया है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच में जुटी है। मामला अलीगढ़ जिले के लोधा थाना इलाके के करसुआ, निमाना, हैवतपुर और अंडला गांव का है। बताया जा रहा है कि जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर आईओसी का गैस बोटलिंग प्लांट है। प्लांट के ठीक सामने करसुआ और अंडला गांव हैं। दोनों गांवों में एक ही ठेकेदार के दो छोटे ठेके हैं। गुरुवार को लोगों ने यहां से शराब खरीदकर पी थी। शराब पीने के बाद अचानक लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। जिससे अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। जिनमें दो ट्रक ड्राइवर शामिल हैं। शराब पीने से करीब पांच लोगों की आंखों की रोशनी चली गई है। जबकि 11 लोग अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। घटना के बाद से ग्रामीणों में खासा रोष है। घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक सिटी और जिलाधिकारी समेत एसडीएम रंजीत सिंह, जिला आबकारी अधिकारी व वन अधिकारी भी पहुंचे। ग्रामीणों की मौत की खबर मिलने पर डीआईजी अलीगढ़ घटनास्थल पर पहुंचे। अधीनस्थ अधिकारियों और ग्रामीणों से वार्ता कर घटना की जानकारी ली। इसके अलावा एडीएम सिटी राकेश कुमार मालपाणी जिला अस्पताल पहुंचे यहां उन्होंने इलाज के लिए लाए गए लोगों का हालचाल जाना। वहीं, पुलिस की टीमों को तीन चार ऐसे पाउच मिले हैं जो कि शराब के थे। इनकी सरकारी रिकॉर्ड से मैचिंग नहीं हो सकी है। इस मामले में डीएम को अंदेशा है कि यह ठेकेदारों की मिलीभगत से काम हो रहा है। साथ ही इस मामले में यह भी बात सामने आ रही है कि पंचायत चुनाव के दौरान अवैध शराब की तस्करी हुई। पंचायत चुनाव में खपत के बाद जो शराब बच गई उसे अब ठेकों पर बेचा जा रहा है। जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह का कहना है कि 11 लोगों की मौत हुई है। जिन मृतकों के पोस्टमार्टम हो रहा है उनकी मौत ही शराब कांड में गिनी जाएगी। डीएम ने कहा कि एडीएम प्रशासन मजिस्ट्रेट जांच करेंगे। शाम तक बड़ी कार्रवाई होगी, शासन के सम्पर्क में हैं। डीएम चंद्रभूषण सिंह ने बताया कि शराब की दुकान के लाइसेंस के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो रहा है। उत्तर प्रदेश के गृह विभाग को लगातार इसकी अपडेट दी जा रही है। वहीं, एसएसपी कलानिधि नैथानी ने कहा कि घटना स्थल का मुआयना कर पुलिस अधीक्षक नगरध्ग्रामीणध्अपराध के नेतृत्व में 6 टीम गठित की गईं। इन टीमों ने 3 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसमें करसुआ शराब ठेके के सेल्समैन और जिले का बड़ा शराब कारोबारी शामिल है। शराब कारोबारी अनिल चौधरी रालोद से जिला पंचायत का चुनाव लड़ा था। शराब कारोबारी पर पहले भी शराब तस्करी के आरोप लगे हैं। घटना के बाद सीएम योगी सख्त शराब से मौत मामले का मुख्यमंत्री योगी ने संज्ञान लिया है।

## घटना के बाद सीएम योगी सख्त



शराब से मौत मामले का मुख्यमंत्री योगी ने संज्ञान लिया है। सीएम योगी ने आरोपियों पर रासुका के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। आबकारी और गृह विभाग के अधिकारियों को तलब किया है। सीएम का कहना है कि अगर सरकारी ठेके से शराब खरीदी है तो ठेका सीज किया जाएगा। दोषियों की संपत्ति जब्त कर नीलामी होगी और उससे मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही घायलों को हर संभव इलाज देने के लिए भी निर्देश जारी किए हैं।

# तूफान से हुए नुकसान को लेकर पीएम ने की मुख्यमंत्री के साथ बैठक

नई दिल्ली,(एजेंसी)। देश की कई हिस्सों को चक्रवाती तूफान यान से काफी ज्यादा प्रभावित किया है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल में इसका ज्यादा असर देखा गया है। चक्रवात यास ने लाखों लोगों को प्रभावित किया है। प्रभावित लोगों की मदद और उनकी स्थिति को जानने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और प्रताप सारंगी के साथ ओडिशा में चक्रवात के बाद की स्थिति की समीक्षा की।





**लक्षद्वीप भारत का सबसे छोटा संघ राज्यक्षेत्र यानी केंद्र शासित प्रदेश है। भारत के मालदीव के तौर पर विख्यात लक्षद्वीप एक द्वीपसमूह है जिसमें 36 द्वीप यानी आइलैंड हैं। लक्षद्वीप को अपने सुंदर, मनोहारी और सूरज को चूमते हुए समुद्री तटों और हरे भरे प्राकृतिक नजारों के लिए जाना जाता है।**

# केजरीवाल का ऐलान, धीरे-धीरे दिल्ली से लॉकडाउन हटाएंगे



नयी दिल्ली,(एजेंसी)। दिल्ली में लॉकडाउन को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कोरोना के केस लगातार कम हो रहे हैं, पिछले 24 घंटे में संक्रमण दर 1.5: रही और कोरोना के करीब 1100 मामले आए हैं। केजरीवाल ने कहा कि धीरे–धीरे दिल्ली से लॉकडाउन हटाएंगे। जनता और एक्सपर्ट के सुझाव पर अनलॉक करेंगे। सीएम ने ऐलान किया कि कंस्ट्रक्शन गतिविधियों और फैक्ट्रियों को सोमवार सुबह से खोला जा रहा है। केजरीवाल ने कहा कि हम हफ्ते दर हफ्ते जनता के सुझावों और विशेषज्ञों की राय के आधार पर इसी तरह धीरे–धीरे लॉकडाउन खोलने की प्रक्रिया जारी रखेंगे, बशर्ते कोरोना फिर से बढ़ने नहीं लगे।

# राजस्थान में 100 रु के पार पेट्रोल

जयपुर,(एजेंसी)। राजस्थान में पेट्रोल–डीजल के दामों ने आम जनता का तेल निकाल दिया है। राजस्थान के 33 में से 29 जिलों में पेट्रोल का दाम 100 रुपए प्रति लीटर से अधिक हो चुका है। मध्यप्रदेश को छोड़कर बाकी पड़ोसी राज्यों की तुलना में यहा तेल 10 रुपए ऊंची कीमत पर बेचा जा रहा है, क्योंकि राज्य सरकार पड़ोसी राज्यों की तुलना में 10: वैट भी ज्यादा वसूल रही है। जयपुर में सामान्य पेट्रोल 100.17 रुपए हो चुका है। श्रीगंगानगर में पेट्रोल सबसे महंगा 104.67 रुपए, हनुमानगढ़ में 103.97, बीकानेर में 102.67, चूरू में 102 रुपए हो चुके हैं। मई में चार राज्यों में चुनाव और राजस्थान में उपचुनाव के परिणाम आने के बाद 24 दिनों में 14 बार तेल के रेट बढ़े हैं।




राजस्थान में पेट्रोल पर 36% और डीजल पर 26% वैट राजस्थान पेट्रोल पंप एसोसिएशन के मुताबिक पेट्रोल पर 36: और डीजल पर 26: वैट है। पड़ोसी हरियाणा और पंजाब में पेट्रोल पर 25%, डीजल पर करीब 16% है। इसके अलावा दिल्ली में पेट्रोल पर 30 और डीजल पर 16.75%, गुजरात में पेट्रोल और डीजल पर करीब 20–20%, उत्तर प्रदेश में पेट्रोल पर 26.80 और डीजल पर 17.48% वैट है। मध्यप्रदेश में पेट्रोल पर 33 और डीजल पर 23% वैट है। एमपी में पेट्रोल पर 4.5% अतिरिक्त टैक्स भी है। हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात और पंजाब से 10 रुपए महंगा राजस्थान पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनीत बगई ने बताया कि राजस्थान में तेल की कीमतों में पड़ोसी राज्य हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, गुजरात, उत्तर प्रदेश में करीब 10 रुपए का अंतर है। हरियाणा में पेट्रोल 91.54, उत्तर प्रदेश में 90.71, दिल्ली में 93.68 रुपए, गुजरात में 90.70, पंजाब में 95.60 और मध्य प्रदेश में 102.35 रुपए पेट्रोल बेचा जा रहा है। राजस्थान में सबसे ज्यादा रेट श्रीगंगानगर में पेट्रोल 104.67 रुपए और हनुमानगढ़ में 103.97 है। दोनों जिलों की तुलना करें तो 10 रुपए से अधिक मंहगा तेल बेचा जा रहा है। वहीं अन्य जिलों की तुलना में भी 7–8 रुपए से अधिक कीमत चुका रहे हैं। तेल का महंगाई पर पड़ रहा असर पेट्रोल और डीजल की दरों में बढ़ोतरी के कारण अन्य जरूरी वस्तुओं और खाद्य सामग्री के भी रेट बढ़ रहे हैं।

# यूपी में मदरसों की कक्षाएं अब ऑनलाइन शुरू

लखनऊ,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश सरकार ने मदरसा छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने की अनुमति दे दी है। इससे इन मदरसों में नामांकित लगभग 18 लाख छात्रों को लाभ होगा। तमाम मदरसे इन ऑनलाइन ट्यूटोरियल के लिए समूह चौट बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बीच चयन करने के लिए स्वतंत्र होंगे। अल्पसंख्यक कल्याण के लिए कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने मदरसा के छात्रों के लिए पहली कक्षा से स्नातकोत्तर स्तर तक ऑनलाइन कक्षाओं के लिए यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा शिक्षा के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यूपी के मंत्री नंदी ने कहा, जब तक मदरसे फीजिकली शिक्षा देना शुरू नहीं कर सकते, तब तक ऑनलाइन कक्षाओं को फिर से शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। राज्य में लगभग 16,000 मान्यता प्राप्त मदरसे हैं, जिनमें 560 सरकारी सहायता प्राप्त मदरसे शामिल हैं। इन संस्थानों में पहली कक्षा से माध्यमिक (मुंशी ध मौलवी), वरिष्ठ माध्यमिक (आलिम), कामिल (स्नातक) और फाजिल (स्नातकोत्तर) तक लगभग 18 लाख छात्र नामांकित हैं। रमजान के लिए मदरसे 14 अप्रैल से 24 मई तक बंद थे। मंत्री ने कहा, राज्य में मामले तेजी से घट रहे हैं और महामारी ने शिक्षा को बुरी तरह प्रभावित किया है।



# सुप्रीम कोर्ट ने 12वीं की परीक्षा रद्द करने की याचिका पर सुनवाई टाली

## कहा- पॉजिटिव रहें, सोमवार तक हो जाएगा फैसला

नई दिल्ली,(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बोर्ड परीक्षा रद्द करने की याचिका पर सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने कहा कि सरकार 1 जून तक परीक्षाओं पर फैसला ले सकती है। कोर्ट ने कहा कि आशावादी रहें, शायद सोमवार तक कोई प्रस्ताव आपके पक्ष में हो। हम सोमवार को इस मामले की सुनवाई करेंगे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना को 300 छात्रों ने पत्र लिखकर कर परीक्षाएं रुकवाने की मांग की थी। परीक्षा रद्द कराने के संबंध में छात्रों ने अपने पत्र में लिखा कि कोरोना महामारी के बीच सीबीएसई की ओर से ऑफलाइन परीक्षाएं कराने के फैसले पर रोक लगाई जाए। साथ ही छात्रों ने चीफ जस्टिस से यह भी मांग की कि वह केंद्र सरकार को इस संबंध में निर्देश दें कि वैकल्पिक असेसमेंट योजना उपलब्ध कराई जाए।



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं की बोर्ड परीक्षा को लेकर जल्द फैसला ले सकता है। रविवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह है।

# कोरोना की दूसरी लहर के लिए 'पीएम की नौटंकी' जिम्मेदारः राहुल

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोरोना संकट को लेकर एक बार फिर मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कोरोना की दूसरी लहर के लिए प्रधानमंत्री मोदी को जिम्मेदार ठहराया है। सरकार और प्रधानमंत्री को आज तक कोरोना समझ ही नहीं आया है। कोरोना सिर्फ एक बीमारी नहीं है, कोरोना एक बदलती हुई बीमारी है। आप इसको जितना समय और जगह देंगे ये उतना खतरनाक बनता जाएगा। ये दूसरी वेव प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी है, प्रधानमंत्री ने जो नौटंकी की, अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं की उसका कारण दूसरी वेव है। अगर वैक्सीनेशन इसी तरह से चलता गया तो मई 2024 में हिन्दुस्तान की पूरी जनता का वैक्सीनेशन होगा। राहुल गांधी ने कहा कि अगर इस रेट पर वैक्सीनेशन चलता गया तो तीसरी, चौथी और पांचवी वेव आएगी। हमारी मृत्यु दर झूठ है और सरकार इस झूठ को फैला रही है। सरकार को समझना चाहिए कि विपक्ष उनका दुश्मन नहीं है, विपक्ष उनको रास्ता दिखा रहा है। टूलकिट विवाद पर बोलते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि टूलकिट की बात झूठ है, ये इनका(बीजेपी) आविष्कार है।

# गांव में कोरोना का डर नहीं

- **लोगों में अंधविश्वास हावी वैक्सिंग लेने से कतरा रहे हैं गांव के लोग**
- **सरकार को संघन रूप से जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत**



नई दिल्ली,(एजेंसी)। कोरोनावायरस महामारी को लेकर जहां भारत सहित पूरी दुनिया जहां एक ओर परेशान है । भारत में कोरोना वायरस बीमारी से पूरी तरह से जूझ रहा है क्योंकि पहली लहर से भारत तो मर चुका था लेकिन दूसरी लहर ने भारत में खूब दवाई मचाई है । लेकिन एक और यह भी देखने को मिल रहा है कोरोनावायरस को लेकर भारत के गांव में उन लोगों में बहुत ज्यादा खौफ नहीं है । क्योंकि देखा जाए तो देश की लगभग 70प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। कोरोनावायरस वायरस गांव में ना के बराबर है, गांव में देखा जा रहा है कि लोग कोविड–19 का टीका लेने से परहेज कर रहे हैं। कोरोना महामारी के समय में पत्रकारों के लिए भी उतना ही मुश्किल समय है जो जितना हम लोगों के लिए और ऐसे में कहीं ना कहीं रिपोर्टिंग भी शहरों में ही सिमट कर रह गई। एक आंकड़े के हिसाब से देश में लगभग 300 रिपोर्टरों की कोरोना की वजह से मौत हो चुकी है। देश की जितने भी शहर हैं लगभग बहुत ज्यादा घनी आबादी है और कोरोना को घनी आबादी वाले जगह बहुत ज्यादा पसंद है, इसलिए कोरोना शहर में ज्यादा कहर बरपा रही है। महाराष्ट्र में ही देखा जाए तो केवल मुंबई में कोरोना से लोग और सरकार बहुत ज्यादा परेशान है।

# मुख्यमंत्री योगी ने कहा, कोरोना महामारी को देखते हुए नहीं बढ़ेंगे बिजली के दाम

लखनऊ। टीम 9 की बैठक में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा कि इस साल कोरोना महामारी को देखते हुए बिजली के दामों में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इस साल बिजली के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। आज टीम 9 की बैठक में उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों से साफ कहा कि इस साल कोरोना महामारी को देखते हुए बिजली के दामों में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। हालांकि राज्य सरकार के नियंत्रण वाली बिजली वितरण कंपनियों ने नियामक आयोग के समक्ष दाखिल 2021–22 के वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) प्रस्ताव के साथ बिजली दरों का प्रस्ताव नहीं दाखिल किया है। अलबत्ता बिजली दरों के मौजूदा 80 स्लैब को घटाकर 53 करने का प्रस्ताव जरूर दिया है। आशंका जताई जा रही है कि नया स्लैब लागू होने पर छोटे उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ सकता है। एआरआर के साथ चले परिवर्तन का प्रस्ताव भी नियामक आयोग में दाखिल किया है। नियामक आयोग ने पावर कारपोरेशन को नए स्लैब में दरें प्रस्तावित करके देने को कहा है। फिलहाल पावर कारपोरेशन ने अभी आयोग को अपना जवाब नहीं भेजा है। इस बीच नियामक आयोग नई बिजली दरों को अंतिम रूप देने की कवायद में जुटा है। सरकार के फैसले को देखते हुए अब पावर कॉर्पोरेशन दरों में किसी तरह के हेरफेर के लिए आयोग पर दबाव डालेगा। इसके आसार कम ही नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि आयोग जून के पहले पखवारे में टैरिफ ऑर्डर जारी कर देगा। पहले से भी इस बात की संभावना जताई जा रही थी कि चुनावी वर्ष में सरकार बिजली दरें बढ़ाकर शायद ही जनता की नाराजगी का कोई जोखिम उठाना चाहेगी। अब कोरोना महामारी के बहाने सरकार ने दरें न बढ़ाने का रास्ता निकाल लिया है। इससे जनता के बीच सरकार के प्रति सकारात्मक संदेश भी जाएगा। गौरतलब है कि विद्युत वितरण कंपनियों की जनसुनवाई में उपभोक्ता संगठनों व उपभोक्ताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आयोग ने पावर कॉर्पोरेशन से सात दिन में जवाब मांगा था। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने एक बार फिर सरकार से कोविड राहत टैरिफ प्रस्ताव को लागू करने के लिए सहयोग का अनुरोध किया था। आयोग के सचिव संजय कुमार की ओर से पावर कॉर्पोरेशन की रेगुलेटरी अफेयर यूनिट के मुख्य अभियंता को भेजे गए पत्र के साथ उपभोक्ता परिषद द्वारा 13, 16 और 19 मई को दाखिल आपत्तियों की प्रतियां भेजकर बिंदुवार जवाब देने को कहा गया था। जनसुनवाई में रेगुलटेरी सरचार्ज के प्रस्ताव पर आयोग के अध्यक्ष ने जिस तरह से बिजली कंपनियों को आड़े हाथ लिया था उसे देखते हुए इसके खारिज होने की पूरी संभावना जताई जा रही थी।




## वीर सावरकर की मनायी जयन्ती, भारत रत्न देने की मांग

लखनऊ, (यूएनएस)। अखिल भारत हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश ने आज यहां प्रदेश कैम्प कार्यालय में स्वातंत्रय वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयन्ती हिन्दू राश्ट्र संकल्प दिवस के रूप मनायी। इस मौके पर प्रान्तीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, राजेश मिश्रा श्रमिक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष, पंकज तिवारी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, सिद्धार्थ दुबे प्रदेश महासचिव, शिवम मिश्रा श्रमिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, अंशुमान त्रिवेदी छात्र प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लखनऊ, प्रमोद त्रिवेदी जिला कार्यालय मंत्री लखनऊ, पंकज, हिमांशु, अभय तिवारी, शिवांश शुक्ला, आदि कार्यकर्ताओं ने वीर सावरकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुश्प अर्पित कर नमन किया। जिसके उपरान्त वीर सावरकर के जीवन पर प्रकाष डालते हुये प्रदेश अध्यक्ष श्री ऋषि त्रिवेदी ने केन्द्र सरकार से वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की। श्री त्रिवेदी ने बताया कि आज देश को सावरकर के विचारों की आवश्यकता है, और उन्हीं के विचारों भारत में हिन्दुत्व आगे लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर के नेतृत्व में सशस्त्र स्वतंत्रता संग्राम लड़ा गया और भारत को ब्रिटिश हुकूमत से स्वतंत्र करवाया गया। वीर सावरकर के नेतृत्व में ही पाकिस्तान निर्माण के बाद अखंड भारत निर्माण आरम्भ किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में मौजूद अन्य नेताओं ने सावरकर के विचारों और उनके कार्यो पर चर्चा करते हुये कहा कि हिन्दू समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि हिन्दू महासभा को सत्ता में लाये बिना हिन्दू राष्ट्र का निर्माण संभव नही हो सकता।

## एस्मा हटाए, समस्याओं का निस्तारण करे प्रदेश सरकार : सुरेश

लखनऊ, (यूएनएस)। प्रदेश सरकार को सबसे पहले एस्मा हटाकर कर्मचारियों की लम्बित समस्याओं का निपटारा करना चाहिए। मुख्य सचिव स्तर पर प्रत्येक माह विभागाध्यक्ष, सचिव, अपर मुख्य सचिव स्तर पर विभागवार संगठनों के साथ बॉतचीतर उनकी समस्याओं को निपटाए जाने सम्बंधी आदेश का शतप्रतिशत अनुपालन किया जाना चाहिए। सरकार द्वारा कोरोना काल में चुनाव और संक्रमण रोकने मे अपनी अपनी भूमिका निभाने वाले सरकारी सेवकों पर एस्मा लगाना पूरी तरह से गलत परम्परा का जन्म दे रहा है। यह बॉत आज अखिल भारतीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी सुरेश सिंह यादव ने अपन बयान में कही। अखिल भारतीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी सुरेश सिंह यादव ने उत्तर प्रदेश राज्य के कर्मचारियों संगठनों पर बार–बार एस्मा लगाने जाने का खेद व्यक्त किया है। सुरेश सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में कर्मचारी संगठनों पर एस्मा लगाया गया है और वह हड़ताल नहीं कर सकते। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से यह अपील की है कि कर्मचारियों की समस्याओं का हल के लिए समस्त अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन एवं समस्त विभाग के विभागाध्यक्ष एवं समस्त जिला अधिकारी को यह निर्देश दिए गए थे उसका अनुपालन होना चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में उच्च अधिकारियों द्वारा सरकार को गुमराह किया जा रहा है। कर्मचारियों की कोई भी समस्याओं का हल नहीं हो रहा है जिससे पूरे प्रदेश के कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। श्री यादव ने भी बताया कि कारोना काल में प्रदेश के समस्त अधिकारी कर्मचारियो ने एक दिन का वेतन देने का कार्य किया था। हर स्तर पर प्रदेश सरकार का राजकीय कार्य कर्मचारियों द्वारा ईमानदारी से निभाया जा रहा है। ऐसे में कर्मचारियों की संगठनों की बात ना सुनकर बार–बार एस्मा लगाया जाना किसी भी दिशा में उचित नहीं है। लोकतंत्र मैं अपनी बात कहने का सबका अधिकार है और बार–बार कर्मचारी संगठनों पर प्रदेश सरकार द्वारा एस्मा लगा कर उनकी आवाज को बंद किया जा रहा है। अखिल भारतीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ इसकी घोर निंदा करता है और पुनः अपील करता है कि एस्मा कार्रवाई को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के रोके गए भत्तों को तत्काल निर्गत किया जाए।

## वरिष्ट पत्रकार हरिशचंद्र धानुक गंगा जमुनी तहजीब के मसीहा थे

लखनऊ, (यूएनएस)। भुशुडि साहित्य संस्थापक सचिव अनिल बॉंके ने वरिष्ठ पत्रकार, जनसेवक हरीशचन्द्र धानुक के निधन पर एक शोक सभा राजेन्द्र नगर में आयोजित की। इस मौके पर अनिल बांके ने धानूकजी के विषय में बताया कि वें लोको वर्क शाप रेलवे चारबाग लखनऊ में अधिकारी पद से रिटायर हुये थे और कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष थे। उन्होंने जीवन भर कर्मचारियों का कल्याण किया।

# सस्ती लोकप्रियता के लिए अखिलेश दे रहे बेतुके बयानः सिद्धार्थनाथ



लखनऊ। राज्य सरकार के प्रवक्ता व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए बेतुके बयान दे रहे हैं।

राज्य सरकार के प्रवक्ता व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए बेतुके बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना महामारी के नियंत्रण और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सभी 18 मंडलों का दौरा किया। वहीं सपा प्रमुख एसी कमरे में बैठकर ट्वीट के जरिये जनता को भ्रमित कर रहे हैं। सपा अध्यक्ष को आड़े हाथ लेते हुए सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि सपा के पास मुद्दे खत्म हो गए हैं। अखिलेश हताशा में अनर्गल बयानबाजी करते हैं। वह वर्षों से धरातल पर नहीं उतरे हैं इसलिए उन्हें जमीनी हकीकत का पता नहीं है। अखिलेश तो अपने गांव और संसदीय क्षेत्र तक में लोगों की पीड़ा को जानने नहीं गए । उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में आरएसएस एवं भाजपा के कार्यकर्ता पूरी शिद्दत से साथ लोगों की सेवा में लगे हैं। सेवा भारती ने जगह जगह सेवा कैंप लगाए हैं।



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बिना किसी सूचना के अचानक अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंच गई। अपने करीबी सहयोगियों के साथ बाजार शुकुल ब्लॉक के पूरे रघ्घू गांव पहुंचकर स्मृति ईरानी कोरोना से मरने वाले कई लोगों के परिवार से मिलीं और शोक जताया। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गिरीश शुक्ल भी उनके साथ रहे।

# गाजीपुर पुलिस को मिली महा सफलता

*संदिग्ध कैलीफोर्नियम पत्थर की तस्करी करने वाले 8 गिरफ्तार*

*तस्करों से बरामद पत्थर अगर असली कैलीफोर्नियम हुआ तो कीमत हो सकती है सैकड़ो करोड़*

*पीजीआई पुलिस को भी मिली सफलता 2 चोर पकड़े*

लखनऊ, (यूएनएस)। लखनऊ के उत्तरी जोन अंतर्गत गाजीपुर पुलिस को एक बहुत बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने पॉलिटेक्निक चौराहे के पास से संदिग्ध कैलिफोर्नियम पत्थर के साथ 8 लोगों को उस समय गिरफ्तार किया जब यह लोग इस बेशकीमती पत्थर को किसी को बेचने की फिराक में थे। संदिग्ध कैलिफोर्नियम पत्थर के साथ गिरफ्तार किए गए लोगों में एलडीए कॉलोनी कृष्णा नगर का रहने वाला अभिषेक चक्रवर्ती, नवादा बिहार का महेश कुमार , शाहजहांपुर बिहार का रहने वाला रविशंकर, मानस नगर कृष्णा नगर का अमित कुमार सिंह, गुलजार नगर बाजार खाला का रहने वाला शीतल गुप्ता उर्फ राज गुप्ता, बस्ती के रहने वाले हरीश चौधरी, रमेश तिवारी और श्यामसुंदर शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए 8 लोगों से पुलिस ने करीब 340 ग्राम का संदिग्ध कैलिफोर्नियम पत्थर बरामद किया। पुलिस उपायुक्त उत्तरी का कहना है कि प्रथम दृष्टया पता चला है कि गिरफ्तार किए गए लोग ठग हैं और यह लोग इस पत्थर को किसीबको कैलिफोर्नियम पत्थर बता कर ठगी करना चाहते थे। उनका कहना है कि कैलिफोर्नियम पत्थर बहुत ही कीमती धातु है और उसकी वास्तविक कीमत करोड़ों में होती है उनका कहना है कि कैलिफोर्नियम से बिजली भी बनाई जा सकती है और यह लोग इसी तरह से लोगों को भ्रमित करते थे उन्होंने कहा कि बरामद किए गए संदिग्ध ा कैलिफोर्नियम पत्थर को जांच के लिए भेज दिया गया है। एडीसीपी उत्तरी प्राची सिंह का कहना है कि संदिग्ध कैलिफोर्नियम पत्थर की तस्करी करने वाले लोगों से पूछताछ में पता चला है कि यह लोग इस बेशकीमती पत्थर को बिहार से किसी शशिलेख नाम के व्यक्ति से लाए थे और यहां यह किसी को बेचने की फिराक में थे उन्होंने बताया कि तस्करों के अनुसार उन्हें खुद इसकी वास्तविक कीमत पता नहीं है और वह लोग इस पत्थर को 10 से 12 लाख रूपर रुपए में बेचना चाहते थे। प्राची सिंह का कहना है कि तस्करों के पास से बरामद संदिग्ध कैलिफोर्नियम पत्थर कैंसर जैसी घातक बीमारी की दवा में भी काम आता है और यह बहुत ही मुश्किल से प्राप्त होता है उनका कहना है कि बरामद किए गए पत्थर को जांच के लिए भेज दिया गया है उन्हीं ने इसकी वास्तविक कीमत का अंदाजा तो नहीं बताया है बल्कि उन्होंने कहा है कि जांच के बाद पता चलेगा कि इसकी वास्तविक कीमत क्या है ।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपीपीएससी भर्ती घोटाला, सीबीआई को तत्काल अभियोजन स्वीकृति की मांग

लखनऊ, (यूएनएस)। अमिताभ ठाकुर तथा डॉ नूतन ठाकुर ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाले में सीबीआई द्वारा मांगी गयी अभियोजन स्वीकृति अविलंब प्रदान किये जाने की दुबारा मांग की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य को भेजे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि जानकारी अनुसार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच में सीबीआई ने अपर निजी सचिव (उत्तर प्रदेश सचिवालय) भर्ती, 2017 में बड़ा घोटाला पाते हुए 30 दिसंबर 2020 को एसीएस होम से पीसीएस अफसर तथा आयोग के तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक प्रभुनाथ, कंप्यूटर विभाग के प्रभारी गिरीश गोयल, कंप्यूटर एनालिसिस्ट एवं अन्य अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मांगी थी। अमिताभ तथा नूतन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अभियोजन स्वीकृति के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सभी जाँच एजेंसियों के प्रमुख की एक स्पेशल टास्क फोर्स बनायीं गयी है तथा अधिकतम 60 दिवस में निर्णय लेने को कहा है इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भर्ती घोटाले के आरोपियों को बचाया जा रहा है और अब तक अभियोजन स्वीकृति नहीं दी गई है जिससे सीबीआई जांच प्रभावित हो रही है।

### महिला की हत्या कर शव फेंकने वाला आटो चालक गिरफ्तार

लखनऊ, (यूएनएस)। पारा पुलिस ने दुराचार का विरोध करने पर महिला की हत्या कर फरार होने वाले आटो ड्राइवर को गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी सीसी फुटेज की मदद से हुई है। घटना में इस्तेमाल आटो भी जब्त कर लिया गया है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार के मुताबिक 28 अप्रैल को योगीपुरम कम्फर्ट होटल के पास महिला शव पड़ा मिला था। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। गत एक मार्च को शव का पोस्टमार्टम कराया गया था। डॉक्टरों ने महिला की मौत गला दबाने और शरीर पर लगी चोटों से होने की पुष्टि की थी। इस आधार पर डॉक्टर खेड़ा चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के दौरान बैंक्वट हाल में लगे सीसी फुटेज के साथ ही कई अन्य फुटेज भी पुलिस को मिले थे। सीसी फुटेज में एक ऑटो नजर आया था। फुटेज में ऑटो से महिला के साथ ड्राइवर उतरता हुआ दिखाई पड़ा था। इस आधार पर संदिग्ध ऑटो ड्राइवर को पुलिस तलाश रही थी। गुरुवार सुबह योगीपुरम निवासी सलमान अली को पकड़ा गया। आरोपी की निशानदेही पर उसका ऑटो भी बरामद हुआ। सलमान अली के मुताबिक 28 अप्रैल को वह बुद्धेश्वर के पास सवारी का इंतजार कर रहा था। तभी महिला ऑटो तलाशते हुए उसके पास आई थी। वह नशे की हालत में थी। इसका फायदा उठाते हुए वह महिला को बैंक्वेट हाल के पीछे सुनसान जगह पर ले गया जहां उसने महिला के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। महिला के विरोध करने पर सलमान ने उसका गला दबा दिया। फिर पास में पड़ी ईंट से महिला के चेहरे पर ताबड़तोड़ कई वारकर उसकी हत्या कर दी। शव प्लॉट के पास छोड़ कर सलमान ऑटो लेकर घर चला गया था।

### काकोरी में विशेष सफाई अभियान चला

लखनऊ, (यूएनएस)। सदर तहसील की ओर से काकोरी में विशेष सफाई अभियान की समीक्षा की गई। एसडीएम सदर, बीडीओ और तहसीलदार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र काकोरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव और फतेहगंज में मरीजों के लिए बेड की स्थिति का भी पता किया। साथ ही जरूरी निर्देश दिए। एसडीएम सदर प्रफुल्ल त्रिपाठी और बीडीओ विनायक सिंह ने अभियान के अंतिम दिन विकास खंड की ग्राम पंचायत कुसमी, गहलवारा, भट्ऊ जमालपुर, जलियामऊ, शाहपुर, सकरा, तेजकिशन खेड़ा, पुरैना, इब्राहिमगंज, कठिगरा, कूड़ाईटगांव और बरकताबाद मे अभियान के तहत हो रहे कार्यों को देखा। इन ग्राम पंचायतों में नालियों और रास्तों की साफ सफाई, चूना, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और फॉगिंग कराई गई। ग्राम पंचायत कुसमी, गहलवारा, भट्ऊ जमालपुर, जलियामऊ, शाहपुर, सकरा, तेजकिशन खेड़ा, पुरैना, इब्राहिमगंज, कठिगरा, कूड़ाईटगांव और बरकताबाद में चेतक आरआरटी टीमों ने कोविड टेस्ट किए। शाम तक 152 आरटीपीसीआर और 237 एंटीजन सेमत कुल 389 लोगों के टेस्ट हुए। साथ ही 182 रोगियों को दवा के किट बांटे।

### सुअर ने गार्ड सहित पांच को घायल किया

लखनऊ, (यूएनएस)। रायबरेली रोड स्थित एल्डिको उद्यान–2 की समृद्धि कालोनी में जंगली सुअर ने आतंक मचाया। गार्ड को हमला कर घायल कर दिया। परिसर में चार अन्य लोगों को भी घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। उनको पेट, कूल्हे और कान पर गहरी चोटें आईं हैं। दो को टांके लगे हैं। समृद्धि रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और समाज सेवी रितेश गुप्ता ने बताया कि बुधवार की शाम गेट नम्बर दो से एक जंगली सुअर कॉलोनी में घुस गया। पहले उसने गेट पर बैठे गार्ड पर हमला किया। इसके बाद धोबी व एक अन्य को घायल कर दिया। उनको हल्की चोट आई हैं। हमले से वहां हड़कम्प मच गया। वह अपनी जान बचाकर भागे। इसके बाद सुअर गेट नम्बर तीन की ओर भागा। वहां दो–तीन मजदूर बैठे थे। उन पर हमला कर दिया। बाराबंकी निवासी एक मजदूर मुकेश को कान में और अशोक के कूल्हे में बेहद गंभीर चोट आयी है। रितेश गुप्ता ने बताया कि एल्डिको समृद्धि कॉलोनी के ठीक सामने नगर निगम कूड़ा डालता है। कई दिनों तक वहीं पड़ा रहता है। कॉलोनी के ही सामने एक बहुत बड़ा जलभराव है। वहां पर सुअरों का जमावड़ा रहता है। वह दिनभर कूड़े पर विचरण करते रहते हैं। कभी–कभार कालोनी में पहुंचकर आतंक मचाते हैं। नगर निगम में कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं नगर निगम की जोनल अधिकारी संगीता कुमारी ने कहा कि गेट पर कहीं भी कूड़ा एकत्र नहीं किया जाता। मामले की जानकारी नहीं है। शुक्रवार को मौके पर भेजकर दिखवाया जाएगा। यदि कूड़ा होगा तो उसे हटवाया जाएगा।

### नगर विकास मंत्री को याद दिलाया श्रम मंत्रालय का आदेश

लखनऊ, (यूएनएस)। लखनऊ नगर निगम कर्मचारी संघ ने एक बार फिर कार्यदायी संस्था के माध्यम से कार्य कर रहे कार्मिकों का एक बड़ा मुद्दा नगर विकास मंत्री के समक्ष भेजकर इस पर अविलम्ब कार्रवाई की मांग की है। नगर निगम कर्मचारी संघ ने महामारी की दशा में संक्रमण के बीच काम कर रहे कामगारों को ईपीएफ एवं ईसीएस का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि अगर इस महामारी के दौर में ऐसे कार्मिकों के साथ कोई दुर्घटना हो जाती है तो उनके परिजनों के पास आंसू पोछने के लिए न तो ईपीएफ की सहायता है न ही उनके पास ईएसीएस की सुविधा है।

# WTC फाइनल ड्रॉ होने पर संयुक्त विनर होंगी भारत–न्यूजीलैंड



दुबई ।अंतरराष्ट्रीयघ क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच साउथम्पटन में होने वाला विश्व टेस्ट चौंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल यदि ड्रा या टाई समाप्त होता है तो फिर दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित कर दिया जाएगा। विश्वघ क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने इस मैच के लिये जो नियमावली जारी की है उसके अनुसार, ड्रा या टाई होने पर दोनों टीमें संयुक्त विजेता मानी जाएंगी। आईसीसी ने 18 से 22 जून के बीच होने वाले फाइनल के नियमित दिनों मेंघ किसी कारण से समय बर्बाद होने की स्थिति में सुरक्षित दिन की व्यवस्था भी की है। इस तरह से 23 जून सुरक्षित दिन होगा। आईसीसी ने कहा, ये दोनों फैसले जून 2018 में आईसीसी विश्व टेस्ट चौंपियनशिप शुरू होने से पहले किये गये थे। सुरक्षित दिन की व्यवस्था पांच दिन का मैच सुनिश्चित करने के लिये किया गया है और इसका उपयोग नियमित पांच दिनों के अंदर बर्बाद समय की भरपायी नहीं हो पाने पर ही किया जाएगा। आईसीसी ने कहा, घ्यदि सभी पांचों दिन पूरा खेल होता है और मैच का घ्परिणाम नहीं निकलता है तो ऐसी स्थिति में अतिरिघ्क्त दिन नहीं जोड़ा जाएगा और ऐसी स्थिति में मैच को ड्रा घोषित कर दिया जाएगा। मैच के दौरान समय बर्बाद होने की स्थिति में आईसीसी मैच रेफरी नियमित तौर पर टीमों और मीडिया को बताता रहेगा कि सुरक्षित दिन का उपयोघ्ग कैसे किया जा सकता है। सुरक्षित दिन का उपयोग करना है या नहीं इसका अंतिम फैसला पांचवें दिन के आखिरी घंटे का खेल शुरू होने पर किया जाएगा। भारत अपने घरेलू मैच एसजी टेस्ट और न्यूजीलैंड कूकाबुरा गेंदों से खेलता है लेकिन फाइनल में ग्रेड वन ड्यूक गेंदों का उपयोघ्ग किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेल के नियमों में तीन बदलाव भी डब्ल्यूटीसी फाइनल का हिस्सा होंगे।

## IPL की तारीख के साथ रणजी मुआवजे को लेकर BCCI SGM करेगा चर्चा

*बोर्ड आईपीएल की तारीख तय करने के साथ रणजी मुआवजे को लेकर चर्चा कर सकता है।एजेंडा के व्यापक दायरे में सदस्यों को आईसीसी टी20 विश्व कप और रद्द किए गए।*

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) शनिवार को ऑनलाइन होने वाली विशेष आम बैठक (एसजीएम) में निलंबित इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे मैचों को 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक के बीच यूएई में कराने पर फैसला कर सकता है। बैठक का एजेंडा 'भारत में व्याप्त महामारी के मद्देनजर आगामी क्रिकेट सत्र पर चर्चा करना' है। एजेंडा के व्यापक दायरे में सदस्यों को आईसीसी टी20 विश्व कप और रद्द किए गए रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र के लिए घरेलू क्रिकेटरों के लिए विलंबित मुआवजे के पैकेज पर चर्चा करना भी शामिल है। बीसीसीबाई टी20 विश्व कप को भारत में ही आयोजित करना चाहता है और एक जून को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के बोर्ड की बैठक के दौरान वह खेल के इस वैश्विक निकाय को कोई भी फैसला लेने से पहले भारत में कोविड–19 की स्थिति की समीक्षा के लिए इंतजार करने को कहेगा। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के शनिवार को मुंबई से बैठक की अध्यक्षता करने की उम्मीद है। आईपीएल के 18 से 20 सितंबर के बीच फिर से शुरू होने और 10 अक्टूबर को समाप्त होने की उम्मीद है। यूएई के अबू धाबी, दुबई और शारजाह में तीन स्थानों पर इसके मैचों की मेजबानी की जाएगी। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बैठक से एक दिन पूर्व पीटीआई–से कहा, '' जाहिर है, मुख्य मुद्दा आईपीएल का कार्यक्रम होगा। हम फाइनल सहित चार प्ले–ऑफ मैच (दो क्वालीफायर, एक एलिमिनेटर) के अलावा 10 डबल–हेडर (एक दिन में दो मुकाबले) और सात सिंगल हेडर (एक दिन में एक मैच) की उम्मीद कर रहे हैं। लीग सप्ताहांत में शुरू होगा और फाइनल भी सप्ताहांत में आयोजित किया जाएगा।''

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम को लगी कोविड–19 टीके की पहली डोज



नयी दिल्ली।इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सभी सदस्यों को कोविड–19 टीके की पहली डोज लग गयी है। भारतीय टीम अगले महीने के पहले सप्ताह में इंग्लैंड के लिए रवाना होगी जहां 16 जून से एकमात्र टेस्ट मैच के साथ उसका दौरा शुरू होगा। टीम को इसके बाद दो टी20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेलनी है। टीम अभी मुंबई में पृथकवास पर है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया, '' महिला टीम की सभी खिलाड़ियों को टीके की पहली डोज मिल गई है। उनमें से अधिकांश ने इसे अपने–अपने शहरों में इसे प्राप्त किया। जिन खिलाड़ियों को उनके शहर में यह नहीं मिला था उन्हें गुरुवार को पहला टीका लगा। '' स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने गुरुवार को ट्विटर पर अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, '' मुझे हालाँकिसुइयों (इंजेक्शन)से थोड़ा डर लगता है, लेकिन मैंने आज टीका लगवाया। मैं लोगों से आग्रह करती हूं कि कृपया जल्द से जल्द टीका लगवाएं।'' सूत्र ने कहा कि अधिकांश खिलाड़ियों को कोविशील्ड टीका लगा है और उन्हें इसकी दूसरी डोज इंग्लैंड स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाएगी। भारतीय महिला टीम विराट कोहली की अगुवाई वाली पुरुष टीम के के साथ चार्टर्ड विमान से दो जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी। कोहली, मोहम्मद शमी, अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा, उमेश यादव, इशांत शर्मा, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत सहित भारतीय पुरुष टीम के सदस्यों ने देश के विभिन्न केंद्रों पर कोविड–19 टीके का पहला डोज लिया है। भारतीय पुरूष टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले 18 जून से न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप का फाइनल खेलना है।

## शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे चढ़ा

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक शुरुआत के बीच रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे मजबूत होकर 72.73 के स्तर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में घरेलू इकाई डॉलर के मुकाबले 72.75 पर खुली, फिर बढ़त दर्ज करते हुए 72.73 पर पहुंच गई, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की बढ़त को दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 72.77 पर बंद हुआ था। इसबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत बढ़कर 90.05 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.65 प्रतिशत गिरकर 68.42 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।



## मुंबई में एक लीटर पेट्रोल की कीमत पहुंची 100 रुपये के करीब, डीजल 91.87 रुपया प्रति लीटर

नयी दिल्ली। पेट्रोल–डीजल के दाम इस महीने 14वीं बार बढ़ाये गये हैं और आज की बढ़ोतरी के साथ मुंबई में पेट्रोल 99.94 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। मुंबई समेत देश के चार बड़े महानगरों में पेट्रोल 24 पैसे और डीजल 30 पैसे प्रति लीटर तक महंगा होकर नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। कुछ शहरों में तो यह पहले ही 100 रुपये प्रति लीटर के पार बिक रहा है। इससे पहले बुधवार को कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, मुंबई में आज पेट्रोल की कीमत 23 पैसे बढ़कर 99.94 रुपये प्रति लीटर हो गई। डीजल भी 30 पैसे महंगा हुआ और एक लीटर डीजल की कीमत 91.87 रुपये प्रति लीटर रही। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का मूल्य 24 पैसे बढ़कर 93.68 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल का मूल्य 29 पैसे बढ़कर 84.61 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। गत 04 मई से अब तक 14 दिन दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम बढ़ाये गये हैं जबकि 10 दिन इनके मूल्यों में बदलाव नहीं किया गया है। इस दौरान दिल्ली में पेट्रोल 3.28 रुपये और डीजल 3.88 रुपये महंगा हो चुका है। चेन्नई और कोलकाता में पेट्रोल की कीमत क्रमशरू 22 पैसे और 23 पैसे बढ़ी। एक लीटर पेट्रोल आज चेन्नई में 95.28 रुपये और कोलकाता में 93.72 रुपये का बिका। डीजल की कीमत चेन्नई में 28 पैसे बढ़कर 89.39 रुपये और कोलकाता में 30 पैसे बढ़कर 87.46 रुपये प्रति लीटर हो गई। पेट्रोल–डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।




## संक्षिप्त



### अबुधाबी में होगा पाकिस्तान सुपर लीग, PCB मुंबई से उड़ान भर सकेगा चार्टर्ड फ्लाइट

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से मुंबई और जोहानिसबर्ग से चार्टर्ड विमानों को अबुधाबी में उतारने की अनुमति मिल गयी है जिससे उसका पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी बचे मैचों के आयोजन का रास्ता साफ हो गया। पीएसएल के बाकी बचे मैचों के आयोजन को लेकर गुरुवार तक आशंका बनी हुई थी क्योंकि यूएई से पीसीबी को भारत और घ्दक्षिण अफ्रीका से चार्टर्ड विमान उतारने की अनुमति नहीं मिली थी। इन विमानों से प्रसारण दल के सदस्य, खिलाड़ी और अधिकारी अबुधाबी पहुंचेंगे। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा, अबुधाबी खेल परिषद ने अब अपने संबंधित विभाग को मुंबई और जोहानिसबर्ग से चार्टर्ड विमानों को उतारने की अनुमति देने के लिये कहा है। उन्होंने कहा कि मंजूरी मिलने के बाद अब चार्टर्ड विमान अबुधाबी जा पाएंगे। पीसीबी को भारतीय और दक्षिण अफ्रीकी प्रसारण दल के वीजा मिलने में देरी के कारण भी परेशानी उठानी पड़ी थी लेकिन उन्हें गुरुवार को वीजा मिल गये थे। अधिकारी ने कहा कि अब अबुधाबी में लीग के आयोजन को लेकर कोई बाधा नहीं है।

### शुरू में अपनी गेंदबाजी में गति जोड़ने के महत्व का पता नहीं थारू भुवनेश्वर कुमार

नयी दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि अपने शुरुआती वर्षों में उन्हें अपनी गेंदबाजी में गति जोड़ने के महत्व का पता नहीं था लेकिन एक बार ऐसा करने के बाद उन्हें बल्लेबाजों को परेशानी में डालने वाली स्विंग को बरकरार रखने में मदद मिली। भुवनेश्वर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी टीम सनराइजर्स हैदराबाद के ट्विटर हैंडल पर जारी किये गये वीडियो में कहा, ईमानदारी से कहूं तो पहले कुछ वर्षों में मुझे ऐसा अहसास नहीं था कि गति में भी कुछ जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा, मैंने खेलना जारी रखा और तब मुझे अहसास हुआ कि स्विंग के साथ मुझे अपनी गति में भी सुधार करने की आवश्यकता है क्योंकि 130 किमी प्रति घंटे या उससे कम की रफ्तार से गेंदबाजी करने से बल्लेबाज स्विंग से तालमेल बिठा दे रहे थे। इसलिए मैं गति बढ़ाना चाहता था लेकिन नहीं जानता था कि ऐसा कैसे करना है। इस 31 वर्षीय गेंदबाज ने अब तक 21 टेस्ट मैचों में 63 विकेट, 117 वनडे में 138 विकेट और 48 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 45 विकेट लिये हैं। उन्होंने कहा, सौभाग्य से मैं अपनी गति में सुधार करने में सफल रहा और इससे वास्तव में मुझे काफी मदद मिली। इसलिए यदि आप 140 किमी से अधिक रफ्तार से नहीं लेकिन 135 किमी के आसपास की रफ्तार से भी गेंदबाजी करते हो तो इससे स्विंग बरकरार रखने और बल्लेबाज को परेशानी में डालने में मदद मिलती है। भुवनेश्वर चोटों से जूझते रहे हैं और उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चौंपियनशिप और इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये टीम में नहीं चुना गया है।

### वोकहार्ट को चौथी तिमाही में 106.84 करोड़ का शुद्ध घाटा

नयी दिल्ली। दवा कंपनी वोकहार्ट को 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष 2020–21 की आखिरी तिमाही में 106.84 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 68.51 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। वोकहार्ट ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मार्च 2021 को समाप्त तिमाही में उसकी कुल आय 639.50 करोड़ रुपए रही। वहीं मार्च 2020 में यह 700.66 करोड़ रुपए थी। हालांकि इस साल मार्च में समाप्त हुए वित्त वर्ष में कंपनी ने 688.60 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019–20 में कंपनी को 43.39 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2020–21 में कंपनी की कुल आय 2,840.57 करोड़ रुपए थी। जबकि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019–20 में यह 2,882.80 करोड़ रुपए थी।

### मामूली मांग की वजह से बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख को देखते हुए कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को बिनौलातेल खली की कीमत 21 रुपये की गिरावट के साथ 2,548 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच मौजूदा स्तर पर कारोबारियों की बिकवाली से मुख्यतरू बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में हानि दर्ज हुई। एनसीडीईएक्स में बिनौलातेल खली के जून माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 21 रुपये अथवा 0.82 प्रतिशत की हानि के साथ 2,548 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई जिसमें 1,01,680 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बिनौलातेल खली के जुलाई माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 18 रुपये अथवा 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,637 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई जिसमें 23,110 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### बलूचिस्तान में मारा गया तालिबान का टॉप कमांडर, भारी गोलीबारी में मारे गए 4 और आंतकवादी

कराची। तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का शीर्ष कमांडर अपने तीन साथियों के साथ बलूचिस्तान में मारा गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि माना जाता है कि तालिबान का मारा गया कमांडर वर्ष 2016 में क्वेटा स्थित सिविल अस्पताल पर हुए हमले में शामिल था। पुलिस ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने अभियान चलाया और गत मंगलवार को अशांत बलूचिस्तान सूबे के अगबारा इलाके में रियाज ठेकेदार को मार गिराया।

## सम्पादकीय........

### जरूरी है माहवारी स्वच्छता प्रबंधन

माहवारी तथा स्वच्छता प्रथाओं के बारे में समुदायों में आम जानकारी है. इसके बावजूद प्रजनन आयु के दौरान लड़कियों एवं महिलाओं में होनेवाली जैविक प्रक्रिया और जीवन के इस वास्तविक तथ्य के प्रति चुप्पी की संस्कृति अभी भी बरकरार है. यह ज्यादातर संदर्भों में अभी भी कलंक और शर्म का विषय बना हुआ है, जोकि लैंगिक समानता को सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी बाधा है. हाल के वर्षों में दुनियाभर में माहवारी की प्रोग्रामिंग में वृद्धि हुई है, क्योंकि यह लड़कियों के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, गरिमा और समाज में उनकी भागीदारी को प्रभावित करता है. सुरक्षित माहवारी स्वच्छता गतिविधियों को बढ़ावा देना न केवल सकारात्मक लैंगिक समानता की दिशा में एक सक्षम वातावरण प्रदान करता है, बल्कि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी योगदान देता है, विशेष रूप से एसडीजी– तीन, चार, पांच और छह. भारत एसडीजी–17 एवं 169 से संबंधित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रतिबद्ध है, जो कि व्यापक रूप से विकास के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय आयामों को कवर करता है. हमारा देश 35.5 करोड़ माहवारी वाली महिलाओं और लड़कियों का घर है. झारखंड राज्य में स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के तहत कक्षा छठी से 12वीं में कुल 11,78,240 किशोरियों का नामांकन है, जिन्हें सीधे राज्य के जल एवं स्वच्छता तथा माहवारी स्वच्छता कार्यक्रमों के माध्यम से कवर किया जा रहा है. हाल के वर्षों में माहवारी की समस्या को दूर करने की दिशा में सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं. वर्ष 2018 में प्रारंभ किये गये माहवारी स्वच्छता प्रबंधन स्टेट एक्शन प्लान के माध्यम से माहवारी स्वच्छता के तीन आयामों– जागरूकता, पहुंच और उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसके प्रचार–प्रसार को औपचारिक रूप से सभी संबंधित विभागों की एक प्रमुख जिम्मेदारी के रूप में शामिल किया गया था. यूनिसेफ दुर्गम इलाकों में समुदायों के बीच स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की आपूर्ति, स्वच्छता एवं शौचालय के साथ–साथ महत्वपूर्ण स्वच्छता संदेशों के प्रचार तथा स्वच्छता किट के वितरण में सरकार और परिवारों का समर्थन कर रहा है. कोविड–19 महामारी के दौरान जल एवं स्वच्छता, स्वच्छता सामग्री तथा निपटान की बुनियादी सुविधा तक पर्याप्त पहुंच के अभाव में किशोरियां एवं महिलाएं मासिक धर्म के प्रबंधन की अत्यधिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं. इसके कारण वे असम्मानजनक वातावरण तथा सामाजिक समर्थन की कमी का अनुभव कर रही हैं. इस मुद्दे का एकमात्र हल स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करके लड़कियों के बीच स्वच्छता अभ्यासों के प्रति जागरूकता पैदा करना है. इस चुनौती को दूर करने के लिए यूनिसेफ ने कोविड–19 लॉकडाउन अवधि के दौरान आपूर्ति की बाधा के समाधान के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोरियों के लिए सैनिटरी पैड के मुफ्त वितरण की वकालत की है. इसके अलावा यूनिसेफ ने स्थानीय टाइ–अप के माध्यम से भी वितरण को प्रोत्साहित किया है तथा स्कूल में बनाये गये पैड बैंकों के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर वितरण को कार्ययोजना में शामिल किया है. यूनिसेफ महामारी के दौरान संसाधनों की आपूर्ति के माध्यम से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने में प्रमुख विभागों का सहयोग कर रहा है. शिक्षकों, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण से समुदायों के अंदर सही ज्ञान और जानकारी पहुंचायी है. ये प्रशिक्षण हितधारकों को एक मंच पर ला रहे हैं।

## आज का राशिफल

मेष :– निकट संबंधों में शंकाओं को हावी न होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। सगे–संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

वृषभ :– आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं। अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

मिथुन :– संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

कर्क :– बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह में वृद्धि होगी। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

सिंह :– नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। वर्तमान में आपको सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक दिशा में प्रयास करना चाहिए।

कन्या :– किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

तुला :– महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

वृश्चिक :– परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। परिवार में किसी मेहमान का आगमन संभव।

धनु :– मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्थ के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

मकर :– विभागीय परिवर्तनों से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लावें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सनिध्य प्राप्त होगा।

कुंभ :– राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन–सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

मीन :– आवेश में किये गये कार्य से कष्ट संभव। भावनात्मक समस्याओं पर सगे–संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कायरें को कल पर न टालें।

# तंबाकू पर पाबंदी समय की मांग

**मोहन गुरुस्वामी**

*स्वाभाविक रूप से सिगरेट उद्योग की दलील होगी कि सोने के अंडे देनेवाली मुर्गी को न मारा जाए. लेकिन यह वैसी मुर्गी नहीं है, बल्कि एक टाइम बम है, जहां हर एक सिगरेट के सेवन का मतलब भविष्य का चिकित्सा खर्च बढ़ाना है. हाल ही में अमेरिकी सरकार ने सिगरेट उद्योग से भावी चिकित्सा खर्च के भुगतान के लिए 368 अरब डॉलर मुआवजे के तौर पर लेने का समझौता किया है. वित्त मंत्रालय के सलाहकार के तौर पर मैंने एक बार सिफारिश की थी कि अपने देश में स्वास्थ्य मंत्रालय को ऐसे भावी खर्च का आकलन करना चाहिए. इसके बाद उन खर्चों के हिसाब से आबकारी शुल्कों को तय किया जाना चाहिए. मैंने यह भी सलाह दी थी कि हर साल शुल्कों में वृद्धि सबके हित में है. यदि उपभोग घटता है, तो बचत में बढ़ोतरी होगी. यदि राजस्व में कमी आती है, तब भी ठीक है क्योंकि भविष्य में बचत होगी।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक 'मन की बात' रेडियो संबोधन में देश से तंबाकू उपभोग छोड़ने तथा ई–सिगरेट के बारे में किसी भ्रम में न रहने का आह्वान किया था. इस संबंध में पहला कदम उठाते हुए सरकार ने ई–सिगरेट की बिक्री रोक दी है. लेकिन इससे आगे बहुत कुछ करने की जरूरत है. किसी भी रूप– सिगरेट, चुरूट, बीड़ी, गुटका और चबाये जानेवाले अन्य उत्पाद– में तंबाकू का उपभोग अब हमारी सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बन गया है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में धूम्रपान करनेवाले लगभग 12 करोड़ लोग हैं तथा यहां दुनिया के 12 फीसदी ऐसे लोग बसते हैं. हमारे देश में हर साल तंबाकू सेवन की वजह से एक करोड़ से अधिक लोगों की मौत होती है. भारत के 70 फीसदी वयस्क पुरुष धूम्रपान करते हैं. वयस्क महिलाओं में यह संख्या केवल 13 से 15 फीसदी है. सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों से करीब 30 हजार करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली होती है. एक सरकारी अध्ययन के मुताबिक तंबाकू सेवन से होनेवाली बीमारियों से संबंधित खर्च 1.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक है.लेकिन, आखिरकार सिगरेट उद्योग से एक अच्छी खबर आयी है. दशकों तक लगातार बढ़ोतरी करने के बाद 2015 में पिछले साल (2014) की तुलना में बिक्री में 8.2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी थी. गिरावट का यह रुझान बीते तीन सालों से दिख रहा है. इसके बावजूद आंकड़े अभी भी बहुत बड़े हैं. पिछले साल उपभोग की गयी सिगरेटों की संख्या 92380 मिलियन से घटकर 88547 मिलियन हो गयी थी. हमें यह नहीं मालूम है कि इसी अनुपात में कैंसर और धूम्रपान से होनेवाली बीमारियों में कमी आयी है या नहीं. सरकार ने इस बारे में और अर्थव्यवस्था पर अन्य प्रभावों पर कोई विस्तृत अध्ययन नहीं कराया है. शायद ऐसा धनी और ताकतवर सिगरेट उद्योग के दबाव के कारण हुआ है, जबकि राजस्व विभाग सिगरेट पर वैज्ञानिक आधार पर कर लगाने के लिए ऐसे अध्ययन का अनुरोध कर चुका है. बहरहाल, सिगरेट की बिक्री में जो भी कमी आयी हो, कमाई और मुनाफे में कोई गिरावट




नहीं हुई है. इस उद्योग के मालिक 'हम दोनों' फिल्म के देवानंद की तरह गाते रह सकते हैं– 'बर्बादियों का जश्न मनाता चला गया, हर फिक्र को धुएं में उड़ाता चला गया!'निष्पक्ष होकर देखें, तो यह पूरी तरह खराब स्थिति नहीं है और यह इस बात का सबूत है कि जाने–अनजाने सरकारी नीति अब भी आधी अच्छी है. जहां तक इस उद्योग का सवाल है, एक अच्छी नीति यह निश्चित करेगी कि सरकार को अधिक राजस्व भी मिले और कंपनियां भी समृद्ध हों, पर बहुत अधिक नहीं, जबकि हर साल उपभोग में भी कमी आती जाए.बीते सालों की इस गिरावट में एक और शुभ संकेत है. छोटे सिगरेटों के सेवन में 16.8 फीसदी की उल्लेखनीय कमी आयी है. लेकिन अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य के मोर्चे पर यह अच्छी खबर नहीं हो सकती है क्योंकि इस सिगरेट को छोड़नेवाले बहुत से लोग बीड़ी पीने लगे होंगे. सामान्य सिगरेटों में केवल 1.7 फीसदी की कमी ही आयी है. फिर भी, बजटों में लगातार शुल्क बढ़ाने से उपभोग में आयी कमी से इंगित होता है कि नीति सही दिशा में अग्रसर है. स्वाभाविक रूप से सिगरेट उद्योग की दलील होगी कि सोने के अंडे देनेवाली मुर्गी को न मारा जाए. लेकिन यह वैसी मुर्गी नहीं है, बल्कि एक टाइम बम है, जहां हर एक सिगरेट के सेवन का मतलब भविष्य का चिकित्सा खर्च बढ़ाना है. हाल ही में अमेरिकी सरकार ने सिगरेट उद्योग से भावी चिकित्सा खर्च के भुगतान के लिए 368 अरब डॉलर मुआवजे के तौर पर लेने का समझौता किया है. वित्त मंत्रालय के सलाहकार के तौर पर मैंने एक बार सिफारिश की थी कि अपने देश में स्वास्थ्य मंत्रालय को ऐसे भावी खर्च का आकलन करना चाहिए.इसके बाद उन खर्चों के हिसाब से आबकारी शुल्कों को तय किया जाना चाहिए. मैंने यह भी सलाह दी थी कि हर साल शुल्कों में वृद्धि सबके हित में है. यदि उपभोग घटता है, तो बचत में बढ़ोतरी होगी. यदि राजस्व में कमी आती है, तब भी ठीक है क्योंकि भविष्य में बचत होगी. राजस्व में कमी को सरकार भविष्य में निवेश के रूप में देख सकती है. बीड़ी के व्यापक उपभोग को देखें, तो भारत में धूम्रपान अपेक्षाकृत कम नहीं है. एक अध्ययन का आकलन है कि 12.5 हजार रुपये से अधिक की सालाना आमदनी से अधिक के परिवारों से संबद्ध 34.8 करोड़ लोग हैं.तर्क इंगित करता है कि इसी हिस्से से सबसे अधिक धूम्रपान करनेवाले लोग आते होंगे. अगर यह मानें कि इस हिस्से के 18 साल से अधिक आयु के लोगों की आधी तादाद धूम्रपान करती होगी, तो इसका मतलब है कि हर साल करीब छह करोड़ लोग 90 अरब सिगरेट पी जाते हैं. किसी भी हिसाब से यह बहुत बड़ी और खतरनाक संख्या है. एक चिंता की बात यह है कि अमेरिकी कांग्रेस की जांच में पाया गया है कि सिगरेट कंपनियां लत को गंभीर बनाने के लिए नियमित रूप से तंबाकू में अधिक निकोटिन मिलाती हैं. अफवाहों की मानें, तो भारत में भी ऐसा खूब होता है. निकोटिन के हिसाब से भी शुल्क लगाया जाना चाहिए. सिगरेट बिक्री में कमी का एक कारण सिगरेट की तस्करी भी हो सकती है.उद्योग विश्लेषकों का आकलन है कि 30 अरब डॉलर की वैश्विक बिक्री में करीब 10 अरब डॉलर अवैध निर्यात का हिस्सा है. दस्तावेजों में इन्हें वैध रूप से दर्ज किया जाता है, पर बिचौलिये अवैध रूप से इन्हें उन देशों में बेचते हैं, जहां शुल्क अधिक है. एंटवर्प इस अवैध कारोबार का अंतरराष्ट्रीय ठीहा है. जैसे दुबई सोने का ठीहा है, वसे ही एंटवर्प सिगरेट का. आकलनों के अनुसार, भारतीय बाजार में तस्करी से आये सिगरेट का हिस्सा दो फीसदी है तथा बड़ी सिगरेटों में यह आंकड़ा 30–40 फीसदी के आसपास है.सिगरेट एक आसान निशाना भी है क्योंकि यह संगठित क्षेत्र में है. लेकिन बीड़ी और चबाये जानेवाले तंबाकू भी खतरनाक हैं और इनका सेवन बढ़ता जा रहा है. ऐसे में सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ता ही जा रहा है. दुर्भाग्य से सरकार तंबाकू उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ अनुदान भी देती है. बेहद उपजाऊ 4.95 लाख हेक्टेयर जमीन में तंबाकू की खेती होती है. इसके अलावा खाद, पानी, बिजली आदि में छूट का फायदा भी तंबाकू किसान उठाते हैं. खेती के करमुक्त होने का लाभ भी उन्हें मिलता है. सरकार को इन नीतियों की समीक्षा करनी चाहिए. लेकिन यह सब आसान नहीं है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# फिलिस्तीन पर इजराइली हमला, साम्राज्यवादी मंसूबे

**राम पुनियानी**

बीते 6 मई 2021 को जहां एक ओर हमास नामक एक उग्रवादी फिलिस्तीनी समूह, अल अक्सा मस्जिद से जुड़े विवाद को लेकर इजराइल पर मिसाइलें दाग रहा है वहीं इजराइल, फिलिस्तीनियों पर बड़े पैमाने पर हमले कर रहा है। इस टकराव में फिलिस्तीनी पक्ष को जानोमाल का अधिक नुकसान उठाना पड़ा है। फिलिस्तीन में 60 बच्चों सहित 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं जबकि इजराइल में 10 लोगों, जिनमें एक बच्चा शामिल है, की मौत हुई है। इजराइल ने उस इमारत को भी नष्ट कर दिया है जिसमें दुनिया भर के मीडिया हाउसों के दफ्तर थे। यह सब अत्यंत गंभीर और त्रासद है। इन घटनाओं के लिए जमाने से चले आ रहे अल अक्सा मस्जिद विवाद को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। परन्तु इस सन्दर्भ में दुनिया के तेल उत्पादक क्षेत्र के नजदीक अमेरिकी चौकी के रूप में इजराइल के निर्माण और वहां की सत्ता यहूदीवादियों के हाथों में सौंप जाने के घटनाक्रम को समझा जाना जरूरी है। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका और ब्रिटेन ने फिलिस्तीन की धरती पर इजराइल का निर्माण इस बहाने से किया कि दुनिया भर में सताए गए यहूदियों को उनके अपने देश की जरूरत है। इजराइल, दरअसल, अधिवासी औपनिवेशवाद, सैनिक कब्जे और जमीन की चोरी का उदाहरण है। फिलिस्तीन एक लम्बे समय से अलग देश रहा है। ऐसा नहीं है कि इस देश के नागरिक केवल मुसलमान हों। अरबी मुसलमानों के अलावा ईसाई और यहूदी भी फिलिस्तीन के नागरिक हैं। इस इलाके में यहूदियों का देश बनाने के पीछे तर्क यह दिया गया था कि यहूदी धर्म की जड़ें वहां हैं। जेरुसलेम (येरुशलम) तीन इब्राहीमी धर्मों – यहूदी, इस्लाम और ईसाई की श्रद्धा का केंद्र रहा है। यहूदीवादियों के नेतृत्व में



यहूदियों का पहला वैश्विक जमावड़ा 1897 में जर्मनी में हुआ था। इसमें उन्होंने यहूदियों के लिए अलग देश की मांग की थी। इस मसले को समझने के लिए सबसे पहले हमें यहूदीवाद (जायोनिज्म) और यहूदी धर्म (जूडाइज्म) के बीच अंतर को समझना होगा। यहूदी एक धर्म है जबकि यहूदीवाद से आशय है यहूदी धर्म के नाम पर राजनीति – इस्लाम और इस्लामिक कट्टरतावाद (जैसे तालिबान) या हिन्दू धर्म और हिंदुत्व की तरह। इस बैठक में यहूदियों के लिए एक अलग देश की मांग करने वाले प्रस्ताव का पूरी दुनिया के विभिन्न हिस्सों में रह रहे यहूदियों ने कड़ा विरोध किया। उनका तर्क था कि इस तरह की मांग से उन्हें अन्य देशों में भेदभाव का सामना करना पड़ेगा और यहूदी व्यापारियों और पेशेवरों को नुकसान होगा। विश्वयुद्ध ने अलग यहूदी राज्य की मांग को मजबूती दी। इसका कारण था जर्मनी में यहूदियों का कत्लेआम। परन्तु इसके बाद भी जर्मनी के ही कई यहूदी इस मांग के विरोध में थे क्योंकि उन्हें यह अहसास था कि एकल धार्मिक पहचान पर आधारित राज्य, अन्य पहचानों के प्रति उतना ही क्रूर और दमनकारी हो जायेगा जितना कि नाजीवादी जर्मनी था। इजराइल के निर्माण के लिए फिलिस्तीन का एक बड़ा भूभाग उससे छीन लिया गया। लाखों फिलिस्तीनियों को अपना घरबार छोड़ना पड़ा। इस नए देश को हथियारों से लैस कर दिया गया, विशेषकर अमेरिका द्वारा। यह सा+फ था कि पश्चिमी साम्राज्यवादी शक्तियां, पश्चिम एशिया में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र में अपना एक अड्डा बनाना चाहतीं थीं। जब कच्चे तेल के संसाधनों को लेकर राजनीति शुरू हुई तब इन शक्तियों ने तर्क दिया कि तेल इतना कीमती है कि उसे अरबों के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता। अमेरिका और ब्रिटेन ने इजराइल को ताकतवर बनाने के लिए सब कुछ किया। यह महत्वपूर्ण है कि दुनिया भर में धनी यहूदी व्यापारी काफी प्रभावशाली हैं और सत्ता के केन्द्रों पर उनका नियंत्रण है, विशेषकर अमेरिका में। इजराइल ने 1967 में फिलिस्तीन के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया। इसके कारण लाखों फिलिस्तीनी आसपास के देशों में शरणार्थी के रूप में जीने के लिए मजबूर हो गए। इजराइल की निर्दयता और उसके आक्रामक व्यवहार की संयुक्त राष्ट्र संघ ने निंदा की। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पारित अनेक प्रस्तावों में फिलिस्तीनियों के साथ न्याय की मांग करते हुए इजराइल से उन इलाकों से पीछे हटने के लिए कहा गया जिन पर उसका अवैध कब्जा है। परन्तु इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों की कोई परवाह नहीं की। अमेरिका के पूर्ण समर्थन के कारण ही इजराइल अन्तरराष्ट्रीय और नैतिक मानदंडों का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन करता आया है। इस पूरे मामले में धर्म की कोई भूमिका नहीं है। असली मुद्दा है तेल के संसाधनों पर नियंत्रण और दुनिया के इस क्षेत्र पर सैन्य–राजनैतिक वर्चस्व। संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद दोनों पक्षों से युद्धविराम की अपील करते हुए एक प्रस्ताव पारित करना चाहती थी परन्तु अमेरिका ने अपने वीटो का प्रयोग करते हुए इस प्रस्ताव को पारित नहीं होने दिया और इजराइल के रक्षामंत्री ने कहा कि यह युद्ध तब तक जारी रहेगा जब तक इजराइल अपने लक्ष्य हासिल नहीं कर लेता। इस समय पूरी दुनिया में इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं और यह मांग की जा रही है कि इजराइल हमले बंद करे। हमास द्वारा इजराइल पर मिसाइलें दागने का कोई औचित्य नहीं हैं परन्तु जबरदस्त दमन और प्रताड़ना के शिकार किसी भी समुदाय में अतिवादी समूहों का उभरना स्वाभाविक है। किसी समुदाय के साथ अत्यधिक अन्याय इस तरह के समूहों को बढ़ावा देता है। भारत शुरुआत से ही फिलस्तीनियों का पक्ष लेता आ रहा है। महात्मा गांधी ने लिखा था, श्यहूदियों के प्रति मेरी सहानुभूति, न्याय की जरूरत के प्रति मुझे अंधा नहीं बनाती। यहूदियों को अरबों पर थोपना गलत और अमानवीय है। अटल बिहारी वाजपेयी और सुषमा स्वराज भी फिलिस्तीन के साथ और उस देश की जमीन पर इजराइल के कब्जे के खिलाफ थे। हाल के कुछ वर्षों में देश में सांप्रदायिक राष्ट्रवाद के उदय की साथ, भारत सरकार इजराइल की तरफ झुक रही है और फिलिस्तीनियों के साथ न्याय की मांग को अपेक्षित महत्व नहीं दिया जा रहा है। दुनिया का यह क्षेत्र दशकों से हॉटस्पॉट रहा है। अब समय आ गया है कि सभी वैश्विक ताकतें संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों का पालन करें और यह सुनिश्चित करें कि फिलिस्तीनियों के साथ न्याय हो और उन्हें उनके अधिकार और उनकी भूमि वापस मिलें। इसके साथ ही, हम एक देश के रूप में इजराइल के उदय को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते। अब तो यही किया जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्र दोनों देशों के बीच सीमा का निर्धारण करे और दोनों इस सीमा का सम्मान करें। फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन, शांतिपूर्ण दुनिया के निर्माण के पक्षधरों के लिए चिंता का विषय है। अमेरिकी साम्राज्यवादियों को तेल के संसाधनों पर कब्जा करने की अपनी लिप्सा को नियंत्रित करना चाहिए और मध्यपूर्व के सभी निवासियों के लिए शांति की बात सोचनी चाहिए।

# जनहित में जारी फिल्म में कंडोल सेल्स एग्जीक्यूटिव किरदार में नजर आएंगी नुशरत भरूचा



बॉलीवुड की अभिनेत्री नुशरत भरुचा आने वाले दिनों में एक के बाद एक कई फिल्मों से धमाका करने वाली है। जिसकी तैयारी में अभिनेत्री पिछले काफी समय से लगी हुई है। अब अभिनेत्री नुशरत भरुचा ने एक और फिल्म साइन कर ली है। नुशरत भरुचा की अगली फिल्म का टाइटल जनहित में जारी है। फिल्म के टाइटल की तरह इसकी कहानी भी काफी दिलचस्प और यूनीक होने वाली है। नुशरत भरुचा का रोल डिफरेंट और टैबू ब्रेकिंग होने वाला है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अभिनेत्री नुशरत भरुचा अपनी फिल्म जनहित में जारी में एक कंडोल सेल्स एग्जीक्यूटिव का रोल प्ले करने वाली हैं। इसकी कहानी में ये भी दिखाया जाएगा कि इस जॉब की वजह से उनकी पर्सनल लाइफ में भी इसका काफी प्रभाव पड़ता है। खबरों के अनुसार ऐसाक ह जा रहा है कि फिल्म में नुसरत भरूचा का करैक्टर स्मॉल टाउन गर्ल का है। वह पढ़ी–लिखी है और जॉब ढूंढ रही हैं। उन्हें कंडोम मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में सेल्स और प्रमोशन की जॉब मिलेगी। फिल्म में अभिनेत्री नुशरत भरुचा मेडिकल स्टोर में कंडोम बेचने के काम करेंगी। इसी के साथ इलाके के अलग–अलग जगहों में प्रमोशन भी चलाती नजर आएंगी। नुशरत भरुचा के अलावा फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में रवि किशन और अमायरा दस्तूर भी नजर आने वाले हैं। फिल्म जनहित में जारी इसी साल 25 अप्रैल से फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन कोरोना वायरस महामारी की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। अब खबरों में कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अगस्त के महीने में शुरू की जा सकती है।

## आरकेआरकेएवाई वेब सीरीज में नजर आएंगी मल्लिका शेरावत

मल्लिका शेरावत बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों की लिस्ट में आती हैं जिनको उनकी हॉटनेस और बोल्डनेस की वजह से जाना जाता है। मल्लिका शेरावत ने अपने अभिनय करियर के दौरान अब तक कई रोमांटिक फिल्मों में काम किया है। इन फिल्मों में मल्लिका शेरावत के अभिनय को काफी पसंद किया गया है। इसके अलावा फिल्मों में उनका बोल्ड अवतार भी लोगों के बीच चर्चा में रहा है। अब जल्द ही अभिनेत्री मल्लिका शेरावत आने वाले दिनों में कई प्रोजेक्ट में नजर आने वाली है। जिसमे उनकी वेब सीरीज आरकेआरकेएवाई रिलीज होने वाली है। इस वेब सीरीज में अभिनेत्री मल्लिका शेरावत का काफी अलग अवतार दिखाई देने वाला है। जो इससे पहले शायद ही किसी ने देखा होगा। आरकेआरकेएवाई वेब सीरीज में उनका काफी दमदार रोल होने वाला है। यही कारण है कि इन दिनों मल्लिका शेरावत सुर्खियों में बनी हुई है। अब हाल ही में अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने एक खास बातचीत में बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री और स्टार किड्स को लेकर बातचीत की है। मल्लिका शेरावत ने अपने प्रोफेशन करियर को लेकर बात की है। जिसमें अभिनेत्री ने बताया है कि उनको फिल्मों में काम करने के लिए ऑडिशन देना पड़ा। मैं आज तक अपने करियर में बिना ऑडिशन के किसी फिल्म में नजर नहीं आई हूं। यहां तक कि जैकी चौन ने भी मुझे डांस करने से पहले कई सारी ऑडिशन लिए थे। अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने कहा कि, उनका आज भी आडिशन होता है। अभिनेत्री के अनुसार उन्होंने कहा कि जब रजत ने मुझे इस फिल्म के लिए अप्रोच किया तो मेरा प्रॉपर लुक टेस्ट और स्क्रीन टेस्ट हुआ। साथ ही उन्होंने मुझे ये भी कहा कि अगर वे उनसे संतुष्ट नहीं हुए तो वे इस रोल के लिए किसी और को चुनेंगे। मल्लिका शेरावत ने कहा कि जबकि स्टार किड्स के लिए ऐसा नहीं होता है। इसके अलावा अपनी वेब सीरीज के बारे में बात करते हुए कहा कि उनको वेब सीरीज में काम करके काफी अच्छा लगा है। इसके अलावा जल्द ही मल्लिका शेरावत एक और वेब सीरीज में नजर आने वाले हैं। जिसको जल्द ही रिलीज किया जाएगा। बता दें कि मल्लिका शेरावत बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों की लिस्ट में आती है जो अक्सर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती है।



## एक्शन फिल्म करना चाहूंगी: एल्नाज नोरौजी



अभिनेत्री एल्नाज नोरौजी का कहना है कि इतनी सारी वेब सीरीज और फिल्में बनने के साथ ही सही प्रोजेक्ट चुनना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया, मैं हमेशा वही चुनती हूं जो अच्छा लगता है। मैंने हमेशा इसी तरह काम किया है। अभी, सब कुछ रुका हुआ है और जब चीजें थोड़ी सी शांत हो जाएंगी तो सभी के लिए बहुत सारी स्क्रिप्ट और कहानियां होंगी। इसलिए, आपको पसंद करना होगा क्योंकि वहां बहुत सारा कंटेंट है। अब, बहुत अधिक फिल्में और वेब श्रृंखलाएं आ रही हैं और इसलिए, अब आपको पहले से कहीं अधिक सोच के चुनना होगा। वह जिस तरह की भूमिका निभाना चाहती है, उसके बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री कहती है मैं वास्तव में हमेशा से एक एक्शन फिल्म करना चाहती थी। मैं वास्तव में एक मजबूत बॉस वाली महिला का किरदार करना चाहती हूं। साथ ही, मैं हमेशा से एक थ्रिलर का हिस्सा बनना चाहती थी। मैं पहले से ही संगीन में जो भूमिका निभा रही हूं, वह कुछ इस तरह की है। मैं आगे एक एक्शन फिल्म करना चाहूंगी।

## अनन्या पांडे के इस अंदाज पर भी मर मिटे फैन्स









सोशल मीडिया अनन्या पांडे आज किसी सेंसेशन से कम नहीं हैं। अनन्या पांडे अक्सर इंस्टाग्राम पर अपनी सेल्फी शेयर करती रहती हैं और फैन्स उनकी तस्वीरों को प्यार भी देते हैं। लेकिन इस बार अनन्या पांडे ने बिना मेकअप के अपनी तस्वीरें फैन्स के साथ साझा की हैं, तो आइए आपको दिखाते है उनकी ये तस्वीरें।

## वीरगति को प्राप्त भगवती चरण वोहरा को समर्पित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया

**– रक्तदान बहुत ही सराहनीय– प्रोफेसर आनंद कुमार**
**– 348 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित कर चुके हैं डश्व. अशोक कुमार वर्मा**

अमिटरेखा राजू प्रसाद श्रीवास्तव

लखनऊ। कुरुक्षेत्र. राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में 348वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय आईएचएस में भौतिक विभाग के प्रोफेसर आनंद कुमार पधारे हुए थे जबकि रोटी बैंक अंकेक्षक नरेश सैनी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। रक्त कोष प्रभारी डॉ. विनोद तंवर और डॉ. रमा की अध्यक्षता में गुरजिंद्र कौर, प्रीति आदि ने रक्त संग्रहण किया. मुख्यातिथि प्रोफेसर आनंद कुमार ने स्वयं 17वीं बार रक्तदान करते हुए कहा कि कोरोना आपदा के समय रक्तदान करना और कराना बहुत ही सराहनीय कार्य है। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि आज का यह शिविर स्वतन्त्रता आंदोलन के महान क्रन्तिकारी एवं वीरगति को प्राप्त भगवती चरण वोहरा को समर्पित है. उन्होंने कहा कि हम ऐसे महान पुरुषों के बलिदान के कारण ही आज स्वतंत्र हैं. उनके जीवन से प्रेरणा लेकर केवल और केवल समाज और देश की भलाई के कार्य करने चाहिए. अति विशिष्ट अतिथि नरेश सैनी ने कहा कि रक्तदाता द्वारा दान किया गया रक्त न केवल अमूल्य है अपितु अमृत तुल्य है. डॉ. विनोद तंवर ने कहा कि रक्दान के लिए डरने की आवश्यकता नहीं है. 2 जून दिन बुधवार को ए डी आर सेंटर जिला न्यायालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा. शिविर में राम कुमार, नरेंद्र, सौरभ, शमशेर सिंह, डॉ. आनंद कुमार, अमरीक, बूटा सिंह, बलविंद्र आदि ने अपना योगदान दिया।

## डीएम ने की नगर के विभिन्न जगहों का निरीक्षण

**– विभिन्न नाला निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया**
**– जल भराव न हो इसके लिए कार्य किए जाने का इस दौरान उन्होंने दिया निर्देश**
**– चटनी गड़ही एव रामगुलाम टोला की जल निकासी की कनेक्टिविटी बनाए जाने का निर्देश दिया**

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो

जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन आज नगर में जलभराव की स्थिति से निजात दिलाने के लिए विभिन्न जगहों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नाली निर्माण के कार्यों को भी देखा और उसे शीघ्रता के साथ पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री निरंजन ओवर ब्रिज के नीचे कुर्ना नाले के पास पहुंचे और नाली निर्मित नाली को देखा उन्होंने जल निकासी की व्यवस्था हर हाल में समुचित हो, इसके लिए निर्देश देते हुए कहा कि नगर नगरीय क्षेत्र में जलभराव की स्थिति न उत्पन्न हो इसके लिए अभी से कार्य शुरू कर दिया जाए। उन्होंने चटनी गडही (उमानगर), रामगुलाम टोला एवं कसया रोड के निर्माणाधीन नाले का भी निरीक्षण किया। चटनी गडही से कुर्ना नाले तक जल निकासी की कनेक्टिविटी बनाए जाने की कार्योयोजना पर उन्होंने बल दिया।इसी प्रकार रामगुलाम टोला सहित अन्य जगहों में जलभराव की स्थिति के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन,अधिशासी अभियंता जल निगम एवं ए एम ए आपसी समन्वय कर जल निकासी की व्यवस्था बनाए जाने के लिए कार्य योजना तैयार किए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री निरंजन नगरी क्षेत्र में जलभराव से निजात के लिए आज अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रोहित सिंह के साथ निकले कुर्ना नाले,चटनी गडही, रामगुलाम टोला आदि विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बरसात का सीजन अब निकट है इसलिए नगर में जलजमाव न हो इसको लेकर लोगों कोई दिक्कत न हो, इस पर प्रमुखता से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कुर्ना नाले की साफ–सफाई सहित सभी नालों की सफाई समुचित रूप से भी कराए जाने का निर्देश दिया। रामगुलाम टोला की भी जल निकासी की कनेक्टिविटी बनाए जाने पर भी कार्य किए जाने को कहा।

## कुंडा पहुंचे राष्ट्रीय परशुराम सेना अध्यक्ष ने सचिन मिश्रा हत्याकांड में न्याय दिलाने की उठाई आवाज

अमिट रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित प्रदीप शुक्ला एडवोकेट अपने पदाधिकारियों के साथ कुंडा के पीरनगर गांव में अंशु मिश्रा हत्याकांड में पीड़ित परिवार के घर पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घटना की जानकारी लेकर पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया । पीड़ित के भाई ने बताया कि हत्या मे शामिल गांव के नामजद आरोपियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं जिससे हमारा पूरा परिवार डरा सहमा है । इतनी बड़ी घटना के बाद भी जिले से कोई भी आलाधिकारी हमारे परिवार की सुध लेने नहीं आया जिससे हमे न्याय की उम्मीद टूट चुकी है । राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी कुंडा को ज्ञापन देते हुए पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान करने आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी करने 50 लाख का मुवावजा आवास दिलाए जाने एवम दो शस्त्र लाइसेंस प्रदान करने संबंधी मांग पत्र दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ संगठन के लोगो ने अपर पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी किए जाने के साथ अपराधियो के रिकॉर्ड को देखते हुए कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की । राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा लोगो के कल्याण की कामना रखता है और अपने कर्मो से जीवन यापन कर रहा है हम लोग एकता पर विश्वास करते हैं दयावान है लेकिन जिस तरह से आए दिन ब्राह्मण साथियों को टारगेट करके कुंठित मानसिकता के लोग अपराध कर रहे हैं इससे अब हमे अपने रक्षार्थ मजबूत रणनीति बनानी होगी ।अगर इस घटना में शामिल सभी आरोपियों की 48 घंटे के अंदर गिरफ्तारी नहीं हो जाती तो पूरे प्रदेश में लाकडाउन समाप्त होते ही पीड़ित परिवार के साथ न्याय न मिलने तक धरना प्रदर्शन व उग्र आंदोलन को विवश होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी । इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी एडवोकेट प्रदेश संयोजक हरीश शुक्ला मंडल अध्यक्ष संजय शुक्ला मंडल सचिव शैलेंद्र पांडेय सिंघम मंडल प्रवक्ता संतोष पाण्डेय जिला अध्यक्ष अनिल स्वतंत्र नगर संयोजक सुमित पांडेय चिंतामणि शुक्ल गौरव पंडित शिवम पंडित संजय तिवारी रमाशंकर तिवारी लोग मौजूद रहे ।

# ब्लैक फंगस को लेकर न हों गलतफहमी के शिकार

**– संक्रमित मरीज के संपर्क में आने से नहीं फैलता ये रोग**

अमिट रेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। ब्लैक फंगस को लेकर लोगों के दिमाग में कई तरह की गलतफहमी पैदा हो रही हैं। लोग इसको भी कोरोना महामारी की ही तरह देखने लगे हैं, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया ने इसको लेकर स्थिति बेहद स्पष्ट कर दी है। उनका कहना है कि ब्लैक फंगस एक फंगल इंफेक्शन है जो कि किसी संक्रमित मरीज के संपर्क में आने से नहीं फैलता है। उनके मुताबिक इसकी सबसे बड़ी वजहों में से एक मरीज की प्रतिरोधक क्षमता का कम होना है। ऐसे लोगों को और वो भी कोरोना से संक्रमित मरीजों को ये बीमारी होने की आशंका होती है। डाक्टर गुलेरिया के मुताबिक ये फंगल इंफेक्शन मुख्य रूप से नाक, आंख और इसके आसपास की हड्डियों में होता है और यहां से ये मरीज के मस्तिष्क में पहुंच जाता है, जो बाद में खतरनाक बन जाता है। इसके अलावा कभी कभी ये फेंफड़ों और पेट में भी मिल जाता है। उनके मुताबिक शरीर के अंदर पहले से ही फंगस मौजूद होती है, लेकिन बेहतर प्रतिरोधक क्षमता की वजह से ये शरीर को नुकसान नहीं पहुंचा पाती है। लेकिन जैसे ही हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम होती जाती है ये फंगल इंफेक्शन शरीर के कुछ खास हिस्सों पर हमला करना शुरू कर देते हैं। ये हमेशा मौके की तलाश में रहते हैं और मौका मिलते ही अपना काम शुरू कर देते हैं। इनका एक आसान टार्गेट सॉफ्ट टिशू होते हैं। इन पर फंगल का हमला होने के बाद इनका रंग बदल जाता है। इन रंगों के आधार पर ही इन्हें ब्लैक, येलो और व्हाइट फंगल इंफेक्शन का नाम दिया जाता है। डॉक्टर मानते हैं कि म्यूकर के प्रभाव से टिशू का रंग काला हो जाता है, इसलिए इसको ब्लैक फंगस कहा जाता है। इसके अलावा मुंह और दूसरी जगहों पर होने वाले फंगल के प्रभाव से सफेद या ग्रे रंग बदलाव दिखाई देता है, जिसके चलते इसको व्हाइट फंगस कहा जाता है। इसकी जांच के लिए डॉक्टर एमआरआई करवाते हैं जिसमें साफ्ट टिशू में हुए नुकसान का आंकलन किया जाता है। इसके अलावा हड्डी में आए नुकसान के लिए भी जांच की जाती है। आपको बता दें कि ये बीमारी कोरोना महामारी के साथ नहीं आई है बल्कि पहले से ही मौजूद है। लेकिन पहले इसके मामले बेहद कम आते थे। कोरोना के गंभीर मरीजों के इलाज में इस्तेमाल एस्ट्रायड की वजह से इसके मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वहीं कोरोना के ऐसे मरीज जिनको आक्सीजन लगानी पड़ रही है, उनमें भी इसके मामले बढ़ रहे हैं। इसकी वजह आक्सीजन मास्क के चारों तरफ फंगस का जमा हो जाना होता है। यदि इस पर ध्यान न दिया जाए तो ये नाक के जरिए शरीर में प्रवेश कर जाती है और धीरे–धीरे अपने पांव पसारने लगती है। इसलिए डाक्टर आक्सीजन मास्क को कुछ समय के बाद अच्छे से साफ करके लगाने की सलाह देते हैं। साथ ही आक्सीजन में इस्तेमाल पानी के लिए भी केवल डिस्टिल वाटर का ही उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

# दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों संस्थाओं को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार

**– विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दिये जाने वाले पुरस्कार हेतु करें आवेदन**

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुनहरी लाल ने आमजन को अवगत कराया है कि प्रत्येक वर्ष की भॉति वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021–22 में "विश्व विकलांग दिवस" 03 दिसम्बर के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियोंध संस्थाओं को विभिन्न श्रेणी के राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाना है। निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा पुरस्कार हेतु आवेदन प्राप्ति की तिथि 15.07.2021 निर्धारित कर दी गयी है।दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली–2017 के अन्तर्गत पुरस्कार हेतु निम्नानुसार निर्धारित श्रेणियों में आवेदन किया जा सकता है दक्ष दिव्यांग कर्मचारीध्स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार।दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकोंकोराज्य स्तरीय पुरस्कार।दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत् सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। प्रेरणाश्रोत हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार।दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार।दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार।सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग व्यस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालकध बालिका हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार।सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार।दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार।सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत् अधिकारीध्कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार उन्होंने बताया कि निर्धारित श्रेणी के पुरस्कार से सम्बन्धित अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्रों को कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, रविन्द्र नगर, पडरौना जनपद–कुशीनगर में दिनांक 15 जुलाई,2021 की सायं 4:00 बजे तक प्राप्त कराये जा सकेंगे। राष्ट्रीय पुरस्कारों हेतु आवेदन पत्रवेबसाइट disabilityaffairs-gov-in से प्राप्त किये जा सकते हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कोविड–19 की समीक्षा बैठक

**– ग्राम पंचायतों में साफ–सफाई कराने सहित फॉगिंग मशीन की खरीददारी कराने का डीपीआरओ को दिए निर्देश**

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर ।विकास भवन स्थित आई0सी0सी0सी0 में कोविड की होने वाली नियमित समीक्षा बैठक जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम की अध्यक्षता में सम्पन्न की गयी।बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित होने वाले अधिकारियों का लिस्ट तैयार करने व शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को अंतिम मौका देते हुए कड़ी चेतावनी दी गई तथा उन्हें उनके कर्तव्य बोध का एहसास भी दिलाया गया जिलाधिकारी लिंगम ने कोविड–19 के मद्देनजर नियुक्त किये गए नोडल अधिकारीयों के कार्यों की समीक्षा करते हुए नोडलध्जनरल ड्यूटीध मजिस्ट्रेटों से सौंपे गए कार्यों की पूछ ताछ की गई, व वेंटिलेटर ऑपरेट करने,डाटा फीडिंग करने आदि से सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कोविड से सम्बंधित कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का भी समय–समय पर कोरोना जाँच आवश्यक रूप से किया जाय। उन्होंने मेडिकल किट के वितरण सम्बन्धी जानकारी लेते हुए आशाओं का नाम मोबाइल न0 उपलब्ध कराने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को देते हुए कहा कि उक्त सूची मा0 जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराया जाना है इस लिये तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने साफ–सफाई को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ईओ नगर पालिका पड़रौना को निर्देशित किया कि कार्य की महत्ता को देखते हुए विशेष ध्यान दें, साथ ही उन्होंने अपर जिलाधिकारी को नियमित रिपोर्ट लेने सहित मोनिटरिंग करने का निर्देश दिए। जिला अस्पताल की समस्याओं की जानकारी लेते हुए समुचित निदान करने का निर्देश सम्बन्धित को देते हुये वेंटिलेटर की उपलब्धताध्बेड की उपलब्धता, सहित जेनरेटर आदि अन्य सभी आवश्यक वस्तुओंध उपकरणों की जानकारी लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने एईएसध्जेई से निपटने हेतु अभी पूर्ण तैयारियां कर लिए जाने सहित प्रत्येक ग्रामों में फॉगिंग मशीन क्रय कर लिए जाने हेतु जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिए गए। अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों को रहने सहित अन्य व्यवस्थाओं, कम्युनिटी किचेन आदि के सम्बंध में ईओ पडरौना को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में वैक्सिनेशन की प्रगति से असंतुष्ट सम्बन्धित को प्रगति में वृद्धि लाये जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुज मलिक, अपर जिलाधिकारी विंध्यवासिनी राय,अपर पुलिस अधीक्षक ए0पी0 सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायतराज अधिकारी राघवेंद्र द्विवेदी सहित अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नेबुआ नौरंगिया ब्लाक के सभी ग्राम पंचायतों के समितियों का गठन कार्य सम्पन्न

**– गांव की सरकार चलायेगी ये समितियां**

अमिट रेखा – अजय तिवारी

नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर। ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों को गति देने के लिए छह समितियां गठित होती हैं। जिसमें ग्राम प्रधान और पंचायत सदस्य ही सभापति होते हैं। कुछ विशेष आमंत्रित सदस्य भी इसमें शामिल किये जाते हैं। नेबुआ नौरंगिया विकास के 77ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधानों और पंचायत सदस्यों की शपथ प्रक्रिया 24मई को पूरी होने के बाद 27मई दिन गुरुवार को समितियो का गठन कार्य कर दिया गया। ग्राम पंचायत में गठित होने वाली छवो समितियों में तीन में ग्राम प्रधान और तीन में पंचायत सदस्य सभापति बनाये गये। नेबुआ नौरंगिया ब्लाक के एडीओ पंचायत नन्दलाल सिंह ने बताया कि श्ब्लाक के सभी ग्राम पंचायतों में 24मई को वर्चुअल तरीके से शपथ ग्रहण हो गया है। 27मई को उक्त ग्राम पंचायतों की समितियों का गठन कार्य भी सम्पन्न करवा दिया गया है। इन समितियों का गठन गांव के पंचायत भवन में ही किया गया। उन्होंने आगे कहा कि सभी समितियो का गठन नियमानुसार किया गया है। 'ग्राम प्रधान और सचिव ने कोविड़–19 का टीका लगवाने का किया अपील' नेबुआ नौरंगिया विकास खण्ड के ग्रामसभा लक्ष्मीपुर के पंचायत भवन में गुरुवार को दोपहर बाद ग्राम पंचायत सचिव हृदयनरायन ने पंचायत सदस्यों और कुछ वरिष्ठजनों की मौजूदगी में छवो समितियों का गठन सर्वसहमती से नियमानुसार करवा दिया। गठन कार्य हो जाने के बाद नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान धीरज तिवारी और सचिव हृदयनरायन ने उपस्थित जनसमूह से कोविड़–19 के प्रति सभी को जागरूक करते हुवे टिका लगवाने का अपील किया तथा इससे बचाव के अनेको तौर तरीकों के विषय मे भी विस्तार पूर्वक बताये। उन्होंने युवाओ से अपील किया कि अपने यार दोस्तो, सगे सम्बन्धियो सहित सभी को इस जीवनदायिनी टिका लगवाने के प्रति जागरूक करने का आवाहन भी किया।

## तमकुहीरोड में रोड का नजारा जनता त्रस्त, प्रतिनिधि मस्त:राष्ट्रीय युवा शक्ति संघ

अमिट रेखा – प्रदीप कुमार श्रीवास्तव

कुशीनगर। सेवरही( तमकुही रोड) भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के कुशीनगर जिले में स्थित एक नगर है। यह सेवरही नामक प्रशासनिक ब्लॉक का मुख्यालय भी है। यहाँ तमकुही रोड रेलवे स्टेशन भी स्थित है। सेवरही के सड़क की दुर्दशा का यह हाल है कि इस मार्ग से आने जाने वाले तहसील के अधिकारी, बाबू गेंदा ेसह गन्ना प्रजनन एवं अनुसंधान संस्थान, भारतीय सब्जी बीज अनुसंधान संस्थान, डिग्री कॉलेज, इंटर कालेज, दर्जनों की संख्या में प्राइवेट स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदि सड़क के आसपास होने के बावजूद भी उक्त सड़क की न तो नगरविभाग द्वारा मरम्मत कराई जा रही है और न ही यहाँ के बर्तमान प्रतिनिधि इस खस्ताहाल मार्ग का ही निर्माण करा रहे है ।चुनावी सीजन आते ही बड़े बड़े नेतागण योजनाएं बताकर मासूम जनता का वोट लेकर उनके साथ छल करने का काम होता आ रहा है। तमकुहीरोड दियरा , बिहार समेत नेपाल मार्ग को भी जोड़ने का काम करता है। आज के समय मे जहाँ विकास की गंगा बह रही है इस समय इस रोड को आप देख कर अंदाजा लगा सकते हैं कि यहाँ के प्रतिनिधि जनता के समस्याओं को लेकर कितना जागरूक है । अगर इस खस्ताहाल तमकुहीरोड का मरम्मत नही किया गया तो राष्ट्रीय युवा शक्ति संघ सेवरही के जनता के साथ अधिकारियों का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे।

## शराब पीकर गाली देने के विवाद में जमकर चले लाठी-डंडे एक दर्जन लोग दोनों तरफ से घायल

अमिट रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ़। शराब के नशे में धुत होकर भद्दी भद्दी गाली देना पड़ा महंगा दोनों पक्षों में जमकर हुई मारपीट एक दर्जन लोग घायल पुलिस को तहरीर। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सरसत पुर गांव के रामदुलार प्रायः शराब पीकर पड़ोसी को गालियां देते थे इसी बात का विरोध रमेश धरिकार ने किया फिर क्या था कि दोनों पक्ष के लोग लाठी डंडा लेकर एक दूसरे पर टूट पड़े जिसमें रमेश महेश आशीष मुकेश शिवम सहित आधा दर्जन लोग घायल हुए तथा दूसरे पक्ष के रामदुलार सुरेश नीरज पवन सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए लहूलुहान होकर थाने आए इलाज के लिए इन्हें सीएचसी पट्टी भेजा गया पुलिस मामले की जांच में जुटी।

## नारद जयन्ती पर आनलाइन संगोष्टी का हुआ आयोजन

**– बैठक के दौरान संघ के पदाधिकारियों व पत्रकारों ने समसामयिक विषयों पर की परिचर्चा**

अमिट रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ़ । नारद जयन्ती के अवसर पर विश्व संवाद केन्द्र काशी के तत्वावधान मे जिला प्रचारक हेमन्त जी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिला प्रचार प्रमुख शैलेन्द्र जी के देख – रेख मे ऑनलाइन संगोष्ठी सम्पन्न हुई । आनलाइन संगोष्ठी कार्यक्रम जिसमें जनपद के कई पत्रकारों एवं राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपने विचारों को पटल पर मौजूद लोगों के समक्ष रखा। कार्यक्रम की शुरुआत कुण्डा जिला के प्रचारक हेमन्त जी एंव कुण्डा जिला के प्रचार प्रमुख शैलेन्द्र जी ने पत्रकारिता जगत के पितामह महर्षि नारद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके किया । इसके पश्चात सामूहिक रुप से संचार माध्यम से आनलाइन बैठक मे बतौर मुख्य वक्ता के रुप मे उपस्थित राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख पूर्वी उ.प्र. क्षेत्र के नरेन्द्र सिंह जी ने महर्षि नारद को पत्रकारिता जगत का अधिष्ठाता बताते हुए को अपने बहुमूल्य विचारों को आगे बढ़ाया। उन्होने कहा कि जब राष्ट्र पर कोई आपदा अथवा विपदा आए तो सभी को एक स्वर मे सकारात्मक योगदान करना चाहिए । वहां पर पक्ष अथवा विपक्ष की भूमिका नही रखनी चाहिए । विचारों की भिन्नता हो सकती है किन्तु याद रहे मतभिन्नता, मनभिन्नता मे न बदले । मतभिन्नता भी राष्ट्र हित मे होनी चाहिए । राष्ट्र हित मे संवाद सदैव होना चाहिए जिससे जनमानस मे बेहतर संदेश जाए । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अखण्ड पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शील सिंह ( गहलौत ) ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि पत्रकारों को बिना डरे निस्वार्थ भाव मे जनहित मे कार्य करना चाहिए जिससे समाज के अंतिम पायदान तक जनोपयोगी लाभ पहुंच सके । साथ ही उन्होने बताया कि पत्रकार साथियों के साथ हो रहे उत्पीड़न की लड़ाई मे उनका संगठन उन्हे न्याय दिलाने के लिए सदा उनके साथ खड़ा है और खड़ा रहेगा । इसके पश्चात कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रुप मे संचार माध्यम से पटल पर उपस्थित रहे हिन्दी दैनिक दिग्राम टुडे प्रतापगढ़ के ब्यूरो चीफ पत्रकार अरविन्द दुबे ने कहा कि देवर्षि नारद ब्रम्हांड के सबसे पहले पत्रकार थे जो सृष्टि के कल्याण हेतु देवलोक, पृथ्वी लोक एंव पाताल लोक का भ्रमण करते रहते थे और समस्त घटनाक्रमों की जानकारी आवश्यकतानुसार पक्ष व विपक्ष दोनों को देते रहते थे । बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि हम व हमारे साथी पत्रकारों ने विगत वर्ष कोरोना काल मे राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के कार्यकर्ताओं एंव पदाधिकारियों तथा बहुत से सामाजिक संगठनों व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जनहित मे यथासंभव मदद किया था और प्रयास आज भी जारी है । हमें आवाश्यकता है सामाजिक बुराइयों को दरकिनार कर सामाजिक सरोकार से जुड़े मामलों को उठाने व जरुरतमन्द लोगों की आवाज बन उनके दुख – दर्द कैसे कम हो इन पर विचार करने तथा उनके समाधान का प्रयास करने का । कार्यक्रम का वरिष्ठ पत्रकार संचालन सुरेश मिश्र ( मदन ) ने व संयोजन जिला प्रचार प्रमुख कुण्डा शैलेन्द्र द्विवेदी ने किया । इस दौरान आरएसएस जिला प्रचारक हेमन्त जी, जिला संघ चालक देवेन्द्र प्रताप सिंह , विभाग संघ चालक रमेश, विभाग कार्यवाह हरीश, जिला कार्यवाह शशिभूषण, सह जिला कार्यवाह शिवम, मधुकर, फणीश सोनी, राजेश, संजीव श्रीवास्तव, विश्वनाथ, यमुना प्रसाद, धर्मेंद्र पटेल, जितेन्द्र चौहान, राजेश सरोज, विहिप मातृ शक्ति पूनम पांडेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र राजन, भाजयुमो प्रदेश मीडिया प्रभारी धनञ्जय शुक्ल, मण्डल प्रभारी बालकृष्ण पाण्डेय, स.वि. मन्दिर प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र, स्वदेशी जागरण मंच जिला संयोजक दत्तात्रेय पाण्डेय, भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष अंजनी बहादुर सिंह के साथ ही पत्रकार सौरभ ( शास्त्री ), हरिकेश विश्वकर्मा, शुभम श्रीवास्तव सहित विभिन्न समाचार पत्रों के पत्रकार आनलाइन बैठक मे शामिल रहे ।

## महिला स्वास्थकर्मी से दुष्कर्म का वीडियो बनाकर कर रहा था ब्लैकमेल

**– पीड़िता ने आला अधिकारियों सहित सीएम को भी लिखा पत्र**

अमिट रेखा – अजय तिवारी

नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर। जनपद के नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के एक गांव की एक महिला (35वर्ष) ने एक व्यक्ति पर दुष्कर्म करने और उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुवे नेबुआ नौरंगिया थानाध्यक्ष को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता महिला के अनुसार आरोपी उक्त अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दे रहा है। तंग आकर महिला ने आला अधिकारियों सहित सीएम को भी पत्र भेजकर आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता महिला ने बताई कि वह गोरखपुर के एक अस्पताल में कार्यरत है। वह घर से जाकर ड्यूटी करती है। कुछ माह पहले एक दिन उसके गांव का एक व्यक्ति अस्पताल आया। उसने बताया कि उसके पति की तबीयत खराब है, उसे साथ चलना होगा। उस पर भरोसा करके वह उसके साथ चली गई। वह व्यक्ति उसे लेकर एक कमरे में गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और चुपके से उसने वीडियो भी बना लिया। किसी को बताने पर पति और बच्चों की हत्या कराने की धमकी देता था। पीड़िता ने डर और लोक लज्जा के मारे यह बात किसी को नहीं बताई। आरोप है कि महिला के पति के विदेश से आने के बाद से आरोपी उसे ब्लैकमेल कर रहा है। महिला ने बताया कि उसने नेबुआ नौरंगिया थाने सहित उच्चाधिकारियों और सीएम को भी शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। उपरोक्त प्रकरण में नेबुआ नौरंगिया थानाध्यक्ष मिथिलेश राय ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

# शहीद नवीन को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई अंतिम विदाई

## – शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़ा जनसैलाब
## – सांसद रवि किशन, विधायक शीतल पांडेय पांडेय शहीद को दी अंतिम विदाई



अमित रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। शहीद सैनिक नवीन को आज सेना कमांड के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया शहीद सैनिक का शव अन्तिम संस्कार के लिए कालेसर मोक्षधाम में गाजे बाजे के साथ देश भक्ति की गीतो के गुंज के साथ ग्रामीणों के हुजूम ने दी शहीद नवीन को अंतिम श्रद्धांजलि आपको बता दे की आतंकी हमले में शहीद हुए शाहपुर के दरगहिया मौर्या टोला निवासी सेना के जवान नवीन कुमार सिंह की वीरता व शौर्य का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वजन को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी है। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व जिले की एक सड़क शहीद के नाम पर करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को ट्वीट कर सेना के जवान नवीन कुमार के शौर्य व वीरता को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने ट्वीटर पर यह भी घोषणा की है कि शहीद के स्वजन को 50 लाख रुपये, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देंगे। जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद नवीन कुमार सिंह के नाम पर करेंगे।

बता दें नवीन सोमवार को आतंकी हमले में शहीद हो गए। वह अपने चार भाई–बहनों में सबसे छोटे थे। उनकी अभी शादी भी नहीं हुई थी। वह मूल रूप से खजनी के भगवानपुर गांव के रहने वाले थे। उनके पिता जयप्रकाश सिंह भी सेना में थे। वह वर्ष 2006 में सेवानिवृत्त हैं। वह नंदानगर के दरगहिया में मकान बनवाकर 2015 से परिवार के साथ रहते हैं। वर्ष 2015 में नवीन सेना के 9 आरआर कोर में भर्ती हुए थे। स्वजन ने बताया कि इस समय वह दक्षिणी काश्मीर के कुलग्राम में उनकी तैनाती थी।

किसी काम से श्रीनगर आए थे । जहां आतंकी हमले में शहीद हो गए। नवीन के मौत की खबर सैन्य अधिकारी ने फोन कर परिजनों को दी। इसके बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया। बता दें नवीन के पिता जय प्रकाश सिंह भी सेना में थे, वर्ष 2006 में रिटायर्ड हुए हैं। जय प्रकाश और ऊषा के चार बच्चे हैं, दो बड़ी बेटियों की शादी हो चुकी है जबकि बड़ा भाई विकास सिंह लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। नवीन अपने चार भाई बहनों में सबसे छोटे थे। अभी शादी भी नहीं हुई थी। नवीन की मौत पर पिता जयप्रकाश ने कहा कि बेटे के सिर पर सेहरा देखने का सपना अधूरा रह गया। लेकिन हमें फक्र है कि हमारा बेटा देश की रक्षा करते हुए अपनी कुर्बानी दी।

# भटनी एसएमआई को निलंबित करें:कृषि मंत्री

अमित रेखा तहसील प्रभारी

देवरिया। देवरिया गेहूं क्रय की समीक्षा आज विकास भवन गांधी सभागार में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन द्वारा सभी क्रय एजेंसियों के साथ किया गया। इस दौरान जिन क्रय एजेंसियों में कमियां उजागर हुई, सचेत किया गया कि वे अपने कार्यों में सुधार लाएं और कृषकों का गेहूं क्रय करने में किसी प्रकार का कोई बहानेबाजी न अपनाएं। साथ ही जो भी क्रय किया गया है, उसका भुगतान भी समय से सुनिश्चित कराएं। बैठक में भंडारण पर भी क्रय केंद्रों को आगाह किया गया कि जो गेहूं क्रय हुआ है, उसका भंडारण सुनिश्चित कराएं। इस दौरान भटनी एस एम आई की कई स्तरो से मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए कृषि मंत्री ने उन्हें निलंबित किए जाने का निर्देश दिया। यह तथ्य सामने आया कि उनके द्वारा गेहूं क्रय करने में काफी शिथिलता बरती जा रही थी। शिकायत का संज्ञान लिया गया उप जिलाधिकारी जांच कराई गई, रिपोर्ट में शिकायतों की पुष्टि होने पर उन्हें निलंबित किए जाने का निर्देश दिया गया। आज सभी प्रशासनिक अधिकारियों यथा अपर जिलाधिकारी, उप जिला अधिकारी एवं तहसीलदारों को 5–5 क्रय केंद्रों की जांच किए जाने का निर्देश दिया गया, जिस के क्रम में इन सभी अधिकारियों द्वारा क्रय केंद्रों की जांच की गई व जांच में आई कमियों को दूर करने हेतु तथा उसमें सुधार लाए जाने के निर्देश सभी क्रय एजेंसियों को दिया गया। कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि गेहूं क्रय में किसी प्रकार की लापरवाही शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जो भी किसान क्रय केंद्रों पर गेहूं लेकर आए उनका हर हाल में गेहूं क्रय किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी क्रय केंद्र पर कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए, अन्यथा ऐसे क्रय केंद्रों को चिन्हित करते हुए कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।




# पुलिस पर चोरों ने की फायरिंग एक सिपाही घायल

## – हीरो बाइक एजेंसी का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे थे

अमित रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर रात चोरों ने पुलिस एक जवान पर फायरिंग की गोली लगने से पुलिस का एक सिपाही घायल हो गया जबकि सिपाही के साथ रहा होमगार्ड बाल–बाल बच गया। घायल सिपाही को सीएचसी लालगंज में भर्ती कराया गया है जहां से प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पर लालगंज सीओ समेत कोतवाल मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक चोरो ने फायरिंग करते हुए फरार हो गए। घटना लालगंज कोतवाली के स्थानीय बाजार की है सूत्रों की माने तो देर रात आधा दर्जन चोर बाइक एजेंसी का ताला तोड़कर चोरी करने के लिए घुस गए इसी दौरान वहां डायल 112 नंबर की पुलिस पहुंच गई चोरों ने पुलिस को देखते ही ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी चोरों की गोली से सिपाही राजकिशोर घायल हो गए। कोतवाली की पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके जांच में जुटी हुई है घटना के बाद ही इलाके में हड़कंप मचा हुआ है लोग तरह–तरह के कयास लगा रहे हैं जब जनता के रक्षक ही नहीं सुरक्षित हैं तो आम जनता कैसे सुरक्षित रहेगी। चोरी की वारदात सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड हुई है पुलिस ने डिवाइस लेकर मामले की गहनता से छानबीन शुरू कर दिया है जल्द ही चोरों के पकड़े जाने की उम्मीद है। घटना की सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने सीओ और कोतवाल को जमकर फटकार लगाई और घटना के शीघ्र खुलासे के लिए कोतवाल को निर्देश दिये है।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया का किया निरीक्षण

## – निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं की ली जानकारी व दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम द्वारा लगातार अस्पतालों के निरीक्षण का दौर जारी है। इस क्रम में



आज वे कसया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। विदित है कि जनपद के जिला अस्पताल तथा कोविड अस्पताल पर बढ़ रहे भार को कम करने के लिए एवं लोगों को स्थानीय स्तर पर ही कोविड उपचार की सुविधा मुहैया करवाने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को कोविड केंद्र के रूप में तब्दील किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कसया सी एच सी के एल0 टी0 रूम, लेबर रूम, ओ टी, टीकाकरण केन्द्र, दवा स्टोर रूम, डिलीवरी ओ टी, आई0 सी0 यू0 का निरीक्षण किया तथा आवश्यक जानकारियां ली । इस क्रम में उन्होंने ऑक्सीजन की उपलब्धता के बारे में भी पूछताछ की। स्वास्थ्य केंद्र में जिलाधिकारी ने कुशीनगर डी0 ओ0 फूड सेफ्टी को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले सैनिटाइजर के सैंपल लेकर जांच किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया पूर्ण बोरा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र गुप्ता एवं संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# संक्रमण से बचने के लिए स्वच्छता है जरूरी

## – जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता/सेनिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है निरन्तर

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। जिलाधिकारी एस0 राज लिंगम द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में में जगह–जगह सैनिटाइजेशन का कार्य अधिशासी अधिकारी नगरपालिकाध्नगर पंचायत एवं विभाग द्वारा निरन्तर किया जा रहा है ।पूरे जनपद में कोरोना की रोकथाम के लिए अभियान चलाकर सफाई कार्य व सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। इसके अलावा मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए फागिग का कार्य भी कराया जा रहा है ।जिलाधिकारी ने उक्त कार्य मे लगे अधिकारियोंध्कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि कोरोना काल में हम सभी की जिम्मेदारी है कि सौंपे गये कार्यों को भलीभांति निभाकर लोगों को सुरक्षित रखे उक्त के अनुपालन में आज जनपद के विभिन्न क्षेत्रों जैसे हाटा, खडडा, छितौनी, पड़रौना, कुशीनगर, कसया बाजार , देवरिया, रामपुर सोहरौना, पिपरी, परास खांड़ आदि स्थानों पर सेनिटाइजेशनध स्वच्छता का किया गया।

# 18 से 44 आयु वर्ग के नागरिकों का टीकाकरण एक जून से

## – बिना ऑन लाइन पंजीकरण कराये व्यक्तियों का नही होगा टीकाकरण

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। शासन से प्राप्त पत्र के निर्देशों के अनुक्रम में जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम ने बताया कि दिनांक 1 मई 2021 से प्रदेश के चिन्हित जनपदों में 18 से 44 वर्ष के नागरिकों के लिए संचालित कोविड टीकाकरण अभियान दिनांक 1 जून 2021 से समस्त जनपदों में विस्तारित किया जा रहा है । इस संबंध में उन्होंने बताया कि सत्र आयोजन हेतु कार्य योजना तैयार कर ली गई है जो निम्नवत होगी वर्कप्लेस सी0 वी0 सी0–जनपद में उक्त आयु वर्ग हेतु प्रतिदिन निम्नवत 4 वर्कप्लेस सी0वी0सी0 का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कम से कम 50 लोगों का टीकाकरण किया जाएगा ।जनपद न्यायालय हेतु सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में अधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के लिए सरकारी कार्यस्थल के लिए 2 सत्र स्थापित किए जाए जिलाधिकारी ने बताया कि जनपदमें एक से दो अतिरिक्त वर्कप्लेस सी0 वी0 सी0 स्थापित किए जाएंगे। आवश्यकतानुसार वर्कप्लेस सीवीसी का स्थान परिवर्तित करते हुए राष्ट्रीय कृत बैंक कर्मी, परिवहन कर्मचारी, रेलवे तथा अन्य राजकीय कार्यालयों को संतृप्त किया जाएगा एक सरकारी वर्क प्लेस सी वी सी पर राजकीय एवं परिषदीय शिक्षकों को वरीयता दी जाएगी उन्होंने बताया कि सूचना विभाग मीडिया कर्मियों के वर्कप्लेस सी वी सी का कार्य संपन्न होते ही इसे सरकारी कार्मिकों के वर्क प्लेस सीवीसी में परिवर्तित कर दिया जाएगा एवं सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों का टीकाकरण किया जाएगा ।जनपदीय न्यायालय में लगने वाले दैनिक टीके की सूची जनपद न्यायाधीश के कार्यालय द्वारा, मीडिया कर्मियों की सूची जिला सूचना अधिकारी के द्वारा, शिक्षकों की सूची डी0आई0ओ0एस0 ध बी एस0 ए0 के द्वारा तथा अन्य सरकारी कर्मियों की सूची जिला अधिकारी कार्यालय के द्वारा पूर्व से बनाकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी ।उन्होंने बताया कि उपरोक्त समस्त वर्कप्लेस सी0वी0सी0 पर 45 से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए भी 50 स्लॉट रखे जाएंगे। इस प्रकार प्रत्येक वर्कप्लेस पर 100 लोगों का टीकाकरण किया जाएगा। किंतु उन्हें 2 केंद्र के रूप में संचालित किया जाएगा ।अभिभावक स्पेशल सी0वी0सी0– प्रत्येक जनपद में प्रतिदिन दो अभिभावक स्पेशल सीवीसी स्थापित किए जाएंगे जिसमें 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के माता–पिता का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए उन्हें पंजीकरण एवं टीकाकरण के समय अपने बच्चे की उम्र 12 वर्ष से कम होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा । प्रमाण पत्र के रूप में आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र या कोई अन्य प्रमाण पत्र मान्य होगा नगरीय क्षेत्र सी0वी0सी0– प्रत्येक जनपद में प्रतिदिन 3 नगरीय क्षेत्र सी0वी0सी0 स्थापित किए जाएंगे जिसमें कम से कम 100 नागरिकों का टीकाकरण किया जाएगा ।नगरीय क्षेत्र के समीपस्थ क्षेत्रों हेतु सी0वी0सी0 – प्रतिदिन 01 सी0वी0सी0 स्थापित किये जायेंगे। 5. ग्रामीण क्षेत्रों हेतु सीवीसी के अंतर्गत प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों हेतु 2 सी0वी0 सी0 स्थापित किए जाएंगे जिसमें कम से कम 100 नागरिकों का टीकाकरण किया जाएगा। जिलाधिकारी लिंगम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि दिनांक 1 जून 2021 से 18 से 44 आयु वर्ग के नागरिकों हेतु कोविड टीकाकरण गतिविधि सुचारू रूप से संपन्न कराया जाना सुनिश्चित करें ।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि 18 से 44 वर्ष तक का टीकाकरण सिर्फ ऑनलाइन पंजीकरण द्वारा ही होगा ,इसमें ऑन्सपोट पंजीकरण की कोई सुविधा नही होगो ,इस लिए अपंजीकृत लोगो को अनावश्यक रूप से टीकाकरण केंद्रों पर भीड़ लगाने की आवश्यकता नही है ,अगर भीड़ लगेगी तो प्रशासन को पुलिस बल का प्रयोग करना पड़ेगा।

# उत्तर प्रदेश एवं बिहार प्रान्त सीमा पर स्थित गेट ध्वस्त

अमित रेखा – रमाशंकर सिंह

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश एवं बिहार प्रान्त सीमा के कुशीनगर जनपद एवं गोपालगंज जनपद के सीमा पर स्थित नेशनल हाइवे 28 पर स्थित चर्चित बाबा दोना शुक्ल स्थान के सामने एवं, तरयासुजान थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पुलिस चौकी के निकट बिहार सरकार व्दारा निर्मित द्वार गेट जो जर्जर हालत मे था वह तेज गति से चल रहे आंधी, तूफान के वजह से अचानक गिरने का सनसनीखेज समाचार मिला है । बताते चलें कि गेट गिरने से किसी के हताहत की सूचना नहीं है ।

# मुख्यमंत्री ने नए ग्राम प्रधानों से की मुलाकात बोले अब कोरेना से जंग की संभाले कमान

## – गांव की नियमित साफ सफाई एवं सैनिटाइजेशन किया जाए

अमित रेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर कक्ष में गुरुवार को पंचायत प्रतिनिधियों से मुलाकात की। आशीर्वाद लेने पहुंचे ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों से कहा कि कोरोना से जंग में अपनी अहम भूमिका निवर्हन करें। उन्होंने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के व्यापक हितों को ध्यान में रख कर, जहां आवश्यकता पड़े, वहां पर वे पूर्व प्रधान का सहयोग लें। गांव की नियमित साफ–सफाई एवं सैनेटाइजेशन किया जाए। लोगों को मास्क के अनिवार्य उपयोग और दो गज की दूरी का पालन करने के लिए निरन्तर जागरूक व प्रोत्साहित किया जाए। सीएम ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि निशुल्क कोविड टीकाकरण कराया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधि बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। टीकाकरण के दौरान जीरो वेस्टेज और कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन किया जाए। सभी जनपदों में 18 से 44 आयुवर्ग के लोगों का वैक्सीनेशन प्रारम्भ हो चुका है, इसके लिए पंजीकरण अनिवार्य है, गांव में लोगों का पंजीकरण ज्यादा से ज्यादा हो, पंचायत प्रतिनिधि यह सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा अब निगरानी समितियों की अध्यक्षता भी ग्राम प्रधान करेंगे। इसलिए बैठक कर निगरानी समितियों के सदस्यों यथा एएनएम, आशा कार्यकर्त्री, पूर्व ग्राम प्रधान समेत सभी को साथ लेकर कोविड संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ डोर–टू–डोर सर्वे कर लक्षणयुक्त और संक्रमण की दृष्टि से संदिग्ध लोगों की स्क्रीनिंग कराएं। उन्हें मेडिकल किट दिलाना सुनिश्चित करें। निगरानी समितियों के सजग प्रयास से हमारे गांव संक्रमण से सुरक्षित रहेंगे। सभी के सामूहिक प्रयासों से हमें गांवों को कोरोना मुक्त गांव बनाना है। संक्रमण की दृष्टि से संदिग्ध लोगों को आवश्यकतानुसार होम आइसोलेशन, क्वारण्टीन सेण्टर अथवा अस्पताल में भेजा जाए।



# कुबेरनाथ थाना क्षेत्र मे अठारह वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिलने से सनसनी

अमित रेखा – रमाशंकर सिंह

कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के पडरौना सदस्य सीओ सर्किल क्षेत्र के कुबेरनाथ थाना अन्तर्गत ग्राम पचरूखिया पुराना पुल के पास ग्रामीणों ने एक अट्ठारह वर्षीय अज्ञात युवती का लाश देख कर मुकामी पुलिस को सूचना दिया ।बताते चलें कि घटना की सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस घटना पर पहुंच कर लाश को शिनाख्त करवाने के लिए प्रयास मे जुटी है । सनद रहे कि शव को लेकर तरह तरह की चर्चाओ का बाजार गर्म है। आम जनता से शव की शिनाख्त करवाने के लिए मुकामी पुलिस ने मोबाइल नम्बर जारी की है ।सनद रहे कि 9454403812 , 9919576585एवं 8450010786 उक्त शव के पहचान के बारे मे अगर किसी को पता है तो उक्त नम्बरो पर अवगत करा कर पुलिस का सहयोग करे।

# स्वच्छता अभियान के तहत सैनिटाइजेशन, फाफिन्ग, सफाई कार्य धिमी गति से शुरु

## – सफाई अभियान चलाकर ही इस मौसम में रोकी जा सकती है कई बीमारिया
## – बीमारियों की रोकथाम के लिए घर घर टेंपरेचर तथा सैंपल लेने का कार्य बीमारी फैलने के बाद शुरू

अमित रेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। नगर पंचायत क्षेत्र तमकुही राज में स्वच्छता सैनिटाइजेशन का कार्य जिलाधिकारी कुशीनगर एस, राज लिंगम द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में अधिशासी अधिकारी अंबरीश कुमार सिंह ने नगर पंचायत क्षेत्र के गांव में टीम भेजकर थर्मल स्कैनिंग कोविड–19 की जांच के साथी अन्य बीमारियों की जांच के लिए हर गांव में देर से शुरू की गई है। पूरे नगर में पंचायत मे मच्छरों की रोकथाम के लिए फाफिंग कार्य भी कराया गया है जिलाधिकारी कुशीनगरने नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोरेना काल की इस महामारी को देखते हुए जारी निर्देश के क्रम में कार्यों को भली–भांति कर लोगों को सुरक्षित रखने के लिए स्वच्छता अभियान पर विशेष जोर दिया है। आदेश के अनुपालन में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तमकुही राज अंबरीश सिंह ने परी क्षेत्र के गांव भटवालिया तमकुही राज खानसामा टोला केईन्दीगोसाई पट्टी हरिहरपुर में सफाई कर्मियों को भेजकर नालियों की सफाई कूड़ा करकट की सफाई के साथ है सीएचसी, पीएचसी, की सफाई अभियान चलाकर कराया जा रहा है। परंतु तमकुही राज नगर में बनाई गई नालियों तमकुही स्टेट के गेट से ओवर ब्रिज यास तूफान का हिस्सा बना हुआ है जिसके कारण शुक्रवार से शुरू हुई आंधी पानी ने सफाई अभियान का पोल खोल कर रख दिया है नालियों के ऊपर से पानी भर रही है गड्ढे तालाब में तब्दील हो चुके हैं पानी निकलने का कोई रास्ता फिलहाल चालू नहीं है जो नालियां बनी है उसको कूड़ा कबाड़ा से भर कर जाम कर दिया गया है गांव की नालियों की सफाई कराई जा रही है परंतु नगर की नालियों के तरफ नगर पंचायत कार्यालय का ध्यान नहीं है जिसके कारण इस हल्की बरसात में सफाई अभियान का पोल खोल कर रख दिया है आंधी तूफान में कई पेड़ गिर गए हैं। शुक्रवार को 40 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चली व वर्षा हुई। गुरुवार को कोविड–19 नगर पंचायत के हरिहरपुर गांव में पंचायत भवन पर टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम गई थी लेकिन लोगों में फैले भ्रम के कारण नगर पंचायत द्वारा तथा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रचार प्रसार नहीं कराए जाने के कारण लोग टीका लगवाने से वंचित रह गए इसके लिए आमजन को जागरूक करने की आवश्यकता है अभी भी बहुत से लोग टीका लगवाने से डर रहे हैं क्योंकि इस नगर में बहुत सारे लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं जिन के इलाज में लापरवाही बरती गई सीएससी तमकुही राज से रिफर जिला अस्पताल किए गए बहुत से मरीज दुनिया छोड़कर चले गए जिससे लोगों में भय का माहौल है की टीका लगने के बाद भी इस बीमारी अपने आगोश में ले ले रही है इन तमाम जानता के बीच इस नगर पंचायत में कार्य एवं चुनौतियां बहुत है जिसका सामना नगर पंचायत को करना है लेकिन घोर लापरवाही के चलते कोई कार्य समय वध सुचार रूप से नहीं हो रहा है। फिर भी नगर पंचायत अधिकारी दायित्वों का निर्वाह करते हुए दिशा निर्देश के तहत कार्य कराने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान दार ने भी कल हाथ खड़ा कर दिया जो लोग राशन लेने गए थे उनको यह कह करके लौटा दिया की जब तक कोरेना का सूई नहीं रहेगा तब तक राशन नहीं मिलेगा इस पर लोग लौटकर अपने घरों को चले गए राशन वितरण कार्यक्रम रोक दिया गया।

# धर्म की स्थापना के लिये प्रभू लेते है अवतार:आचार्य करुणेश जी महराज

अमित रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ़ । लीलापुर प्रतापगढ़ क्षेत्र के देवली गांव में गणेश शर्मा के संयोजन मे चल रही संगीत मयी श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस श्री भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया । कथा का विस्तार करते हुये कथा व्यास आचार्य करुणेश महराज ने बताया कि जब कंस के अत्याचार से पृथ्वी पर अधर्म बढ गया , साधू सन्त सताये जाने लगे तो धर्म की स्थापना के लिये भगवान ने मथुरा मे वसुदेव और देवकी के यहाँ पुत्र के रूप में जन्म लिए और पापाचारी कंस का अन्त कर धर्म की स्थापना की आगे श्री महराज ने कहा कि जब जब पृथ्वी पर अत्याचार पाप व अर्धम की बढाध हैं तब तब अर्धम पापाचार का अंत करने व धर्म की रक्षा करने व धर्म की स्थापना करने के नारायण अर्थात भगवान इस पृथ्वी पर अवतार लेकर अधर्म पाप व पापियों नाश कर धर्म की स्थापना की है । कथा मे कोविड नियमो का पूर्णतय:पालन श्रोता गण कर रहे है ।इस मौके पर जयसिंह बहादुर सिंह, अरुण ओझा, राम शिरोमणि दूबे, तुंग नारायण पाण्डेय, कौशल किशोर पाण्डेय, मनोज सिंह (पूर्व प्रधान), सन्तोष बारी, संगम लाल ,राजू विश्वकर्मा , हरीश मिश्र आदि भक्तों ने अमृत कथा का रस पान किया ।

## विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर संजीव शुक्ला ने भटनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

अमित रेखा दिनेश गुप्ता
तहसील प्रभारी

देवरिया। आज दिन शुक्रवार को रामपुर कारखाना विधायक प्रतिनिधि डाक्टर संजीव शुक्ला एवं सलेमपुर उप जिला अधिकारी



ओमप्रकाश बरनवाल ने भटनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया साथ में भटनी मंडल अध्यक्ष योगेश प्रजापति एवं भटनी थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी तथा भटनी प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डाक्टर एन पी सिंह भी उपस्थित रहे साथ ही उवहां उपस्थित लोगो को कोविड वैक्सीन भी लगाया गया।

## अवैध रूप से संचालित साईं अस्पताल को प्रशासन ने किया सील क्षेत्र के कई अस्पताल प्रबन्धको में मचा हड़कंप

अमित रेखा मुनीर आलम(राजन)

महराजगंज। फरेंदा में अवैध रूप से संचालित हो रहे एक बिना कागजात के अस्पताल के खिलाफ प्रशासन की ताबड़तोड़




कार्रवाई जारी है। प्रशासन ने छापेमारी के बाद फरेंदा कस्बे के गनेशपुर में स्थित साईं अस्पताल को सील कर दिया गया हैं। अस्पताल चलाने के लिए अपने कागजात पूरी न करने के कारण अधीक्षक अंग्रेस सिंह की बड़ी कार्रवाई की गई। अस्पताल प्रशाशन की कार्रवाई से क्षेत्र के कई अस्पताल प्रबन्धको में हड़कंप मचा हुआ है। अधीक्षक अंग्रेस सिंह के अनुसार उप जिलाधिकारी राजेश जायसवाल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक बृहस्पतिवार को देर शाम फरेंदा के गनेशपुर में स्थित साईं अस्पताल पर छापेमारी की गई। बताया जाता है कि इस दौरान जांच में वहां कई तरह की अनियमितताएं पाई गईं। जिसके बाद प्रशासन द्वारा अस्पताल को सील कर दिया गया। जानकारी के अनुसार साईं अस्पताल के प्रबन्धक के खिलाफ छापेमारी के लिये की गई प्रशासनिक टीम को अस्पताल का लाइसेंस और जरूरी कागजात दिखाने में असफल रहे। जिसके बाद उप जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस और अस्पताल से संबंधित टीम ने अस्पताल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के बाद उसे सील कर दिया गया। बनकटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ अंग्रेज सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा अवैध अस्पतालों के खिलाफ आगे भी अभियान चलाया जायेगा और अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों पर शिकंजा कसा जाएगा। इस छापेमारी के दौरान तहसीलदार वाचस्पति सिंह, फरेंदा थानाप्रभारी गिरिजेश उपाध्याय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## हसनपुरा:बारिश से सड़कों पर भरा पानी, आवागमन में परेशानी

अमित रेखा मेहरौना लार

सिवान– जिल के हसनपुरा प्रखंड क्षेत्र में हो रही झमाझम बारिश से कई गांवों में जलमग्न हो गया है. जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर लगा गया है. आंदर उसरी मार्ग का जहां उसरी कुशवाहा नगर में मुख्य सड़क पर जलजमाव हो गया है. प्रखंड के गायघाट मुख्य सड़क पर भी जलजमाव हो जाने से राहगीरों से लेकर छोटे बड़े वाहनों को आवाजाही में परेशानी हो रही है. वहीं सिसवां कला उसरी मार्ग विशुनपुरा में जल जमाव से लोगों को परेशानी हो रही है. यहां नाला तो है, लेकिन सड़क से उच्चा है। इसलिये बरसात का पानी नाला से निकासी नहीं होने से हमेशा सड़क पर जलजमगव की समस्या उत्पन्न हो गई है. प्रतिदिन साइकिल व बाइक चालक गिरते रहते है. अन्य कुशवाहा नगर व गायघाट में सड़क के दोनों ओर एक अदद नाला नहीं होने के कारण बारिश की पानी से हमेशा जल जमाव की समस्या उत्पन्न होती है. बारिश होने से इधर कुछ दिनों से पड़ रही गर्मी से लोगों को राहत मिली है. साथ ही खरीफ की प्रमुख फसल धान का बिचड़ा डालने में तेजी आएगी. स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सड़क के दोनों ओर सुब्यवस्थित नाला निर्माण कराने की मांग की है।



## कोरोना काल में वाहन चौकिंग को लेकर महराजगंज पुलिस की नई पहल

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। यातायात व्यवस्था व वाहन चेकिंग में फरेंदा सर्किल जनपद –महाराजगंज पुलिस की नई पहल जनपद महराजगंज के फरेंदा क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे ने कहा कि कोविड महामारी में क्षेत्र की जनता से लाकडाऊन का पालन कराने के साथ मास्क लगाने एवं बेवजह घरों से बाहर न जाने की अपील की जा रही है।परंतु शादी विवाह आयोजन एवं अन्य रोजमर्रा की जरूरतों के लिए लोगों को घरों से बाहर निकलना पडता है।क्षेत्र के नागरिको की सुविधा का ख्याल रखते हुए वाहन चौकिंग व यातायात ब्यवस्था में नई पहल की गई है जिसके तहत सीनियर सिटीजन को पुलिस नहीं रोकेगी, क्योंकि वह परेशान हो जाते है और उनकी बददुआएँ ही हमे मिलती है। ।महिलाओं और बच्चों को पुलिस नहीं रोकेगी। ।केवल उनको रोकेगी जो मुँह पर कपड़ा, बिना नम्बर प्लेट की गाड़ी से घूमते हैं।स्टंट करने बालों के ऊपर सख्त कार्यवाही होगी।। कस्बो के अंदर बिना हेलमेट पर चलान नहीं होगा लेकिन घटना से बचने के लिए लगाकर चलें। ।धन्यवाद सुनील दत्त दुबे क्षेत्राधिकारी सर्किल फरेंदा जनपद महाराजगंज उ.प्र.



## कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर व राजस्व संग्रह की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी

अमित रेखा सुनील पांडेय ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डा0उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कर करेत्तर व राजस्व की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी ।बैठक में जिला प्रभागीय बनाधिकारी पुष्प कुमार के द्वारा बैठक में भाग न लेने तथा किसी प्रकार की कोई प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत न करने पर वेतन बाधित करने तथा स्पष्टीकरण एवं अतिरिक्त कार्य देख रहे खनिज निरीक्षक पी0एस0रामवरण द्वारा भी अनुपस्थित रहने के कारण स्पष्टीकरण काल किया गया है ।बैठक में कर करेत्तर एंव राजस्व संग्रह,भू–राजस्व,मण्डी समिति, स्टाम्प देय,आबकारी,ब्यापार कर,परिवहन एंव विद्युत देय तथा अलौह एवं खनन की समीक्षा की गयी । जिलाधिकारी द्वारा वाणिज्य कर,राज्य आबकारी शुल्क,स्टाम्प तथा निबन्धन में मासिक वसूली



को बढाने का निर्देश दिया । परिवहन मासिक लक्ष्य के सापेक्ष वसूली हेतु निर्देशित किया गया । टोल टेक्स नौतनवा व धानी का निरीक्षण करें कि ओभर टेक्स की वसूली तो नही हो रही है ।मुख्य देय में सदर,फरेन्दा,निचलौल व नौतनवा में शुद्ध मांग एवं वसूली में कुल 58 प्रतिशत तथा विविध देय में 30.8 प्रतिशत की वसूली की गयी है । कृषि, मछली तालाब,आवासीय पट्टा,सार्बजनिक भूमि व विवादित भूमि की पैमाइश कर मामलों का निस्तारण किया जाय ।पट्टे की भूमि विवाद की भी पट्टा कब्जा दिलाई जाने का निर्देश सभी एस डी एम व तहसीलदारों को दी गयी । वर्तमान समय में भूमि खाली है अबैध भूमि,तालाब, भिटा कब्जा,चकरोड कब्जा है खाली कराये तथा कब्जेदार के प्रति कार्यवाही भी किये जाय । कर्मचारियों के प्रति विभागीय कार्यवाहियों का निस्तारण करें ।जाति,आय,आवस प्रमाण पत्र में कार्यवाहियां पूर्ण कर लिया जाय जिसे समय से जारी हो सके ।बडे भूमि माफियाओं को चिन्हीकरण कर कार्यवाहिया की जाय । ऐसा न हो छोटे छोटे किसानों को ही भूमि माफिया घोषित किया जाय ।

तहसीदार फरेन्दा ने बताया कि खुर्मपुर में स्कूल की भूमि का अवैध कब्जा हटा कर सूचना भी दिया जा चुका है । जिलाधिकारी ने निचलौल एस डी एम को निर्देशित किया कि गडौरा व सिसवा चीनी मिल का गोदाम खाली है तो गेहूँ स्टाक हेतु बात करे,जिससे गेहूँ खरीद का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके । पी0एम0स्वनिधि योजना में टेला,खोमचा,रेहडी, प्रवासी मजदूरो जैसे पात्र ब्यक्तियो को चिन्हिकरण कर लिया जाये, जिससे सहायता धनराशि प्राप्त होने में कठिनाई न हो ।खाद्यान्न वितरण में राज्य व भारत सरकार द्वारा निःशुल्क खाद्यान्न वितरण का कार्य कोटेदार द्वारा किया जा रहा है जिसपर कडी नजर रखे कि कोटेदार द्वारा अवैध तरीके से कम राशन या पैसा न ले सके । घरौती प्रमाण पत्र वितरण हेतु चिन्हीकरण कर डाटाफीडिंग कर सुरक्षित कर लिया जाय कि समय आने पर परेशानियों का सामना न करना पडें । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण करें कि डाक्टर व अन्य स्टाफ उपस्थित रह कर मरीज देख रहे अथवा नही । इसकी रिपोर्ट तत्काल प्रभाव से दिये जाये ।बैठक में अपर जिलाधिकारी कुन्जबिहारी अग्रवाल,ज्वान्ट मजिस्टेट साई तेजा सिलम,फरेन्दा,नौतनवा,निचलौल एसडीएम,राजेश जायसवाल,प्रमोद कुमार,रामसजीवन मौर्य,अपर उप एसडीएम अविनाश कुमार, आबकारी,वाणिज्य व ब्यापार कर,स्टाम्प आयुक्त,परिवहन अधिकारी तथा नगरपालिका व नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

## कृषि मंत्री ने की गेहूं क्रय की समीक्षा दिए आवश्यक निर्देश

**– गेहूं क्रय केंद्रों की, टीम लगा कर कराई गई जांच**
**– भटनी एस एम आई की मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए कृषि मंत्री ने उन्हें निलंबित किए जाने का दिया निर्देश**
**– गेहूं क्रय केंद्रों का समय समय पर कराया जाएगा जांच,शिथिल रवैया अपनाने वालो के विरुद्ध होगी कार्यवाही- डीएम**

अमितरेखा देवरिया ब्यूरो

गेहूं क्रय की समीक्षा आज विकास भवन गांधी सभागार में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन द्वारा सभी क्रय एजेंसियों के साथ किया गया। इस दौरान जिन क्रय एजेंसियों में कमियां उजागर हुई, सचेत किया गया कि वे अपने कार्यों में सुधार लाएं और कृषकों का गेहूं क्रय करने में किसी प्रकार का कोई बहानेबाजी न अपनाएं। साथ ही जो भी क्रय किया गया है, उसका भुगतान भी समय से सुनिश्चित कराएं। बैठक में भंडारण पर भी क्रय केंद्रों को आगाह किया गया कि जो गेहूं क्रय हुआ है, उसका भंडारण सुनिश्चित कराएं। इस दौरान भटनी एस एम आई की कई स्तरो से मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए कृषि मंत्री ने उन्हें निलंबित किए जाने का निर्देश दिया।



यह तथ्य सामने आया कि उनके द्वारा गेहूं क्रय करने में काफी शिथिलता बरती जा रही थी। शिकायत का संज्ञान लिया गया उप जिलाधिकारी से जांच कराई गई, रिपोर्ट में शिकायतों की पुष्टि होने पर उन्हें निलंबित किए जाने का निर्देश दिया गया। आज सभी प्रशासनिक अधिकारियों यथा अपर जिलाधिकारी, उप जिला अधिकारी एवं तहसीलदारों को 5–5 क्रय केंद्रों की जांच किए जाने का निर्देश दिया गया, जिस के क्रम में इन सभी अधिकारियों द्वारा क्रय केंद्रों की जांच की गई व जांच में आई कमियों को दूर करने हेतु तथा उसमें सुधार लाए जाने के निर्देश सभी क्रय एजेंसियों को दिया गया। कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि गेहूं क्रय में किसी प्रकार की लापरवाही शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जो भी किसान क्रय केंद्रों पर गेहूं लेकर आए उनका हर हाल में गेहूं क्रय किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी क्रय केंद्र पर कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए, अन्यथा ऐसे क्रय केंद्रों को चिन्हित करते हुए कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने कहा कि गेहूं क्रय शासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी क्रय एजेंसी शासन की मंशानुरूप गेहूं क्रय करें। उसका नियमित भंडारण कराएं। बोरे की कहीं कोई कमी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि क्रय केंद्रों का नियमित अनुश्रवण किया जाएगा और समय–समय पर जांच भी कराया जाएगा। जो भी शिथिल रवैया अपनाएगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। आयोजित इस बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त उमेश कुमार मंगला, क्रय एजेंसी प्रभारी गण सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## कोल्हुई उपनगर में स्थित अस्पताल गली बना हल्की बरसात में तालाब ,जिम्मेदार बेपरवाह, संक्रमण की आशंका

अमित रेखा सुनील पांडेय ब्यूरो महराजगंज।



महाराजगंज जिले के कोल्हुई कस्बे अंतर्गत चंदनपुर रोड का हाल बद से भी बदतर हो गया है ,बेमौसम हल्की बरसात से भी रोड तालाब बन जा रहा है ,रोड में बड़े बड़े गढ्ढे राहगीरों का जीना बेहाल कर दिए है , इन सबसे बेखबर जिम्मेदार वादो का पोटला लेकर जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे है। जानकारी के लिए बता दे कि जिले के कोल्हुई बाजार का कस्बा अपने विकास से कोसो दूर है ,कस्बे का चंदनपुर रोड पर जिसपर सरकारी हॉस्पिटल भी स्थित है उक्त मार्ग की बदहाली से स्थानीय लोगों का जीना मुश्किल हो गया है ,कचरे से पटी हुई नालिया,टूटी सड़कें,हल्की सी बरसात में सड़को में जलजमाव से उठ रही बदबू से लोगो का जीना मुहाल हो गया है ,इसके साथ ही मरीजों,राहगीरों का इस रास्ते से जाना किसी नरक के रास्ते जाने के समान है , इन सारी समस्याओं से विभाग के लोग अच्छी तरह परिचित है फिर भी अपनी आंखे बन्द किए हुए है ,थोड़ी बहुत जो सड़क सही बचा था उसे पेयजल योजना के अन्तर्गत पाइपलाइन बिछाने के दौरान रोड को खोदकर और बुरा हाल कर दिया गया,पाइप बिछाने के बाद न तो अभी लोगो को शुद्ध पेयजल ही नसीब हुआ न ही सड़क की समस्या से लोगो को निजात मिली। ज्ञात हो स्थानीय लोगों का गुस्सा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पर भी फुट रहा है ,विकास के खोखले लंबे वादे करने के बाद जनप्रतिनिधि चुनाव में जनता को ठग कर गायब हो गए है उक्त मामले को लेकर युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष कोल्हुई देव अग्रहरि सहित समाजसेवी व युवा ब्यापार मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक रौनियार, समाजसेवी असलम खान, रफीक खान, पवन अग्रहरि, सूरज मोदनवाल, वरिष्ठ समाजसेवी इकबाल खान, बैजनाथ वर्मा, राधेश्याम, बैजनाथ वर्मा , श्यामसागर कसौधन ,पप्पू जायसवाल आदि ने व्यपारियो और मुहल्ले वाले को हो रही परेशानियों तथा जलजमाव और गंदगी से पटी नालियों से उत्पन्न हो रही बदबू के कारण व्यापार का बाधित होने पर जिम्मेदार सरकारी विभागों की घोर निंदा की है और सड़क का सुद्धिकरण जल्द से जल्द कराने की मांग की है वही युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष कोल्हुई ने बताया कि रोड पर जलजमाव होने से तमाम संक्रमण बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है ,अगर इस समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण नहीं किया गया तो व्यापारी समाज व स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन करने हेतु बाध्य होंगे। इस संबंध में एडीओ पंचायत गुलाब पाठक द्वारा बताया गया कि मामला संज्ञान में हैं, एक दो दिन में मौसम ठीक होने पर जल्द ही उक्त मार्ग का मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

## निर्माण श्रमिको का पंजीयन एवं नवीनीकरण 30 जून तक होगा निःशुल्क

अमितरेखा देवरिया ब्यूरो। जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने श्रम विभाग, देवरिया में उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिको को अवगत कराया है कि कोविड– 19 महामारी के दृष्टिगत ऐसे निर्माण श्रमिक जिन्होंने अपना श्रमिक पहचान पत्र ( श्रमिक कार्ड) का नवीनीकरण नहीं कराया है, वे अपना नवीनीकरण अपने नजदीकी सहज जन सेवा केन्द्र, ई–डिस्ट्रिक्ट, कामन सर्विस सेण्टर पर जाकर करा लें। नवीनीकरण हेतु अपने मोबाइल के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक व विगत एक वर्ष में कम से कम 90 दिन कार्य किये जाने का स्व घोषणा पत्र लाना अनिवार्य है। 30 जून तक पंजीयन एवं नवीनीकरण निःशुल्क कर दिया गया है।

## अनियंत्रित पिकअप ने सब्जी की दुकान सहित विद्युत पोल को किया क्षतिग्रस्त

अमित रेखा से मुनीर आलम – दुर्गेश यादव

नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे के बीचो बीच मेन रोड पर ब्रेक फेल हो जाने से अनियंत्रित होकर एक पिकअप ने सड़क के किनारे लगे सब्जी की दुकान को रौदते हुए विद्युत पोल से टकराकर रुक गई।गनीमत रहा कि दुर्घटना के समय वहां कोई ब्यक्ति मौजूद नहीं रहा सिवाय एक बिल्ली के।लोग तो बच गए परंतु इस दुर्घटना में बिल्ली की मौत हो गई। घटना आज सुबह लगभग 4रू00 बजे बृजमनगंज से नौगढ़ जा रही एक पिकअप बृजमनगंज कस्बे के बीचो बीच ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित हो गई जो सड़क से उतर कई लोगों के चबूतरे सहित मोहम्मद शाहिद(छोटे सब्जी वाले)के सब्जी की दुकान को रौंदते हुए विद्युत पोल से जा टकराई पोल बुरी तरह मुड़ गया उनकी दुकान का लगभग ₹20000 का नुकसान हुआ साथ ही उनसे सटे कई लोगो का कुछ ना कुछ नुकसान हुआ साथ में एक बहुत बड़ी आकस्मिक घटना होने से बच गई जो विद्युत पोल बुरी तरह डैमेज हो चुका है जो गिरने की स्थिति में है यदि उस विद्युत पोल को विद्युत विभाग द्वारा जल्द से जल्द नहीं सही कराया गया तो वह कईयों की जान भी ले सकता है। भविष्य में हो दुर्घटना सकती है।



**अमिट रेखा के खबर का हुआ बड़ा असर**

## वनकर्मी के विडियों वायरल होने के बाद हरकत में आया विभाग

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। अमित रेखा के खबर का बड़ा असर प्रमुखता से खबर प्रकाशित करने के बाद हरकत मे आया विभाग हम आपको बताते चले कि महाराजगंज जिले के लक्ष्मीपुर रेंज के वन चौकी टेढ़ी के एक वन विभाग के कर्मचारी द्वारा पैसा वसूलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसे लेकर वन विभाग व अवैध कटान से जुड़े लोगों के संबंधों को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। वायरल वीडियो में एक वन कर्मचारी द्वारा पैसे की डिमांड की जा रही कि इतने पैसे से नही होगा और ज्यादा लगेगा जबकि वहा मौजूद पैसे देने वाले सख्स को बताया जा रहा है कि इससे ज्यादा पैसा जेल जाने पर लग जाएगा इसलिए 5 हजार रुपये दे दो ।वही वन कर्मियों द्वारा पैसा के लेन देन का वीडियो वहा मौजूद किसी ने बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है । वही अब वायरल वीडियो के बारे में प्रभागीय वनाधिकारी पुष्प कुमार के. ने बताया कि वनकर्मी का वीडियो वायरल होने के बाद उसे हेड आफिस अटैच कर दिया गया है और इस पूरे वीडियो की जांच के लिए एसडीओ को नामित कर दिया गया है वही 2 दिन में जांच रिपोर्ट मिलने के बाद अगर वन कर्मी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।लेकिन हम आपको बता दे कि मामला विडियों में स्पष्ट है और शक्त कार्यवाही होना सुनिश्चित है ।



## एसएसपी ने पासिंग आउट परेड की ली सलामी ,उत्कृष्ट को किया पुरस्कृत

अमित रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। कोरोना कॉल में यूपी पुलिस की रिक्रूट महिला आरक्षीयों को पुलिस लाइन में पासिंग आउट परेड शादे समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी ने महिला आरक्षीयो को जिलों में ड्यूटी के लिए शपथ दिलाकर ट्रेनिंग के दौरान विशेष योगदान देने वालों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया दीक्षांत समारोह 2021 बैच का पुलिस लाइन गोरखपुर में 87 रिक्रूट महिला आरक्षी गोरखपुर 29 अयोध्या 32 का गोंडा 26 का आधारभूत प्रशिक्षण 3 नवंबर 2020 से प्रारंभ हुआ था महिला रिक्रूट आरक्षी प्रशिक्षण सकुशल संपन्न कराने हेतु पांच टोलियां बनाई गई बाह्य प्रशिक्षण के रूप में पांच आरटीआई तथा पांच पीटीआई तथा अंतः विषय हेतु 4 उपनिरीक्षक लगाए गए थे इन सभी ने कुशलतापूर्वक 87 रिक्रूट महिला आरक्षी को प्रशिक्षण देते हुए निपुण किया सभी 87 रिक्रूट महिला आरक्षी परीक्षा में सफल होते हुए पासिंग आउट परेड में आज शुक्रवार को सम्मिलित हो कर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी ने शपथ दिलाई दीक्षांत समारोह की परेड कमांडर प्रथम प्रियांशी देवी परेड कमांडर निष्ठा सुमन परेड कमांडर कंचन बाला मुख्य अतिथि को सलामी दी। बाह्य परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली महिला आरक्षी प्रियांशी देवी को सर्वोत्तम महिला आरक्षी पदक से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कृत किया। पासिंग आउट परेड में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार पुलिस अधीक्षक ट्रैफिकध्लाइन रामसेवक गौतम सहायक पुलिसध् क्षेत्राधिकारी कैंट राहुल भाटी पुलिस अधीक्षक अपराध डॉक्टर महेंद्र पाल सिंह क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह प्रसार निरीक्षक उमेश दुबे सहित आरटीसी प्रभारी उपनिरीक्षक मृत्युंजय राय पीटीआई राज नारायण यादव रंजना देवी चांदनी मौर्या शिवकुमार कुशवाहा भुवनेश कुमार उपनिरीक्षक श्रीनिवास चौधरी सुनील कुमार चौरसिया साधना पिंकी रानी राजेश कुमार सरोज ओम प्रकाश यादव रामसूरत प्रसाद चंद्र प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. - 9532989009

उप सम्पादक - के.के. राय
सह. सम्पादक- चन्द्रशेखर यादव
प्रदेश प्रभारी- राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो०- 9792617070
विज्ञापन व्यवस्थापक- नसरुल्लाह अंसारी
प्रबंधक- निखिल कुशवाहा
ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।